INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त–134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष–4 | अंक–210 | सांध्य दैनिक | मथुरा, गुरुवार, 24 सितंबर 2026 | पेज–12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# आयुष्मान कार्ड जेब में, इलाज को अस्पताल–दर–अस्पताल भटक रहे मरीज

## 67 अस्पतालों में योजना लागू, लेकिन बीमारी बदलते ही बदल जाता है अस्पताल

## जानकारी के अभाव में बढ़ रही है मरीज और तीमारदारों की परेशानी

**यूनिक समय, मथुरा।** जेब में आयुष्मान कार्ड... सामने अस्पताल... लेकिन इलाज फिर भी आसान नहीं। एक बीमारी का उपचार कराने अस्पताल पहुंचे मरीज को दूसरी बीमारी का इलाज चाहिए तो कई बार उसे दूसरे अस्पताल की राह दिखा दी जाती है। वजह है–हर आयुष्मान अस्पताल में हर बीमारी के उपचार की सुविधा उपलब्ध नहीं है। जानकारी के अभाव में मरीज पहले एक अस्पताल पहुंचता है, वहां




सुविधा नहीं मिलने पर दूसरे और फिर तीसरे अस्पताल का चक्कर काटने को मजबूर हो जाता है। ऐसे में बीमारी और उपलब्ध उपचार के हिसाब से अस्पताल भी बदल जाता है।

जिले में करीब 67 अस्पताल आयुष्मान योजना से जुड़े हुए हैं। इन अस्पतालों में अलग–अलग बीमारियों और उपचार के लिए सुविधाएं निर्धारित हैं। यही वजह है कि आयुष्मान कार्ड होने का मतलब यह नहीं है कि कार्डधारक किसी भी संबद्ध अस्पताल में हर बीमारी का उपचार करा सकेगा। मरीज अक्सर किसी एक बीमारी का उपचार कराने अस्पताल पहुंचते हैं। जांच के दौरान दूसरी बीमारी सामने आने या पहले से चली आ रही किसी अन्य परेशानी का इलाज कराने की जरूरत पड़ती है तो मरीज उसी अस्पताल में उपचार की उम्मीद करता है। लेकिन यदि संबंधित बीमारी का उपचार उस अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध नहीं है तो उसे दूसरे अस्पताल जाने की सलाह दी जाती है। इस स्थिति में सबसे अधिक परेशानी उन मरीजों को होती है, जिन्हें योजना के तहत उपलब्ध अस्पताल और बीमारी के अनुसार उपचार की जानकारी पहले से नहीं होती। मरीज अस्पताल पहुंचने के बाद जानकारी करता है और सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर उसे दूसरे अस्पताल जाना पड़ता है। इससे समय और आने–जाने का खर्च दोनों बढ़ते हैं। आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव यादव के अनुसार जिले में अब तक 6,36,831 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि 1,45,161 लोगों का कार्ड के माध्यम से उपचार हुआ है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में बीमारी और उपलब्ध उपचार के अनुसार सुविधाएं निर्धारित हैं। किसी अस्पताल में संबंधित बीमारी का उपचार उपलब्ध नहीं होने पर मरीज को दूसरे अस्पताल की जानकारी दी जाती है। योजना से जुड़ी शिकायत मिलने पर उसकी जांच भी कराई जाती है।

### अस्पताल जाने से पहले करें पड़ताल

अधिकारियों के अनुसार,मरीजों को अस्पताल जाने से पहले यह जानकारी कर लेनी चाहिए कि जिस बीमारी का उपचार कराना है, उसका इलाज संबंधित अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध है या नहीं। पहले से जानकारी होने पर मरीज को अस्पताल पहुंचकर लौटने और दूसरे अस्पताल के चक्कर लगाने की परेशानी से बचाया जा सकता है।

### आंकड़ों पर नजर

- 67 अस्पताल जिले में आयुष्मान योजना से जुड़े।
- 6,36,831–अब तक बनाए गए आयुष्मान कार्ड।
- 1,45,161–कार्ड के माध्यम से उपचार करा चुके लोग।

# कृष्णानगर बनेगा कचरारहित जोन



उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, मुख्य कार्यपालक अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन और नगर आयुक्त ओजस्वी राज आदि।

## कृष्णा नगर से शुरू होगा कचरा रहित जोन का प्रयोग

## 50 हजार कपड़े के थैले और 20 लाख पेम्पलेट बांटकर होगा जागरूकता अभियान

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज को स्वच्छ बनाने के लिए अब अभियान को केवल जागरूकता कार्यक्रमों तक सीमित रखने के बजाय जमीन पर परिणाम दिखाने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभाकक्ष में स्वच्छ ब्रज अभियान के कोर ग्रुप की बैठक में कृष्णा नगर को मॉडल 'कचरा रहित जोन' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने की।

योजना के पहले चरण में तीन से चार दिन तक ऑडियो संदेशों के जरिए दुकानदारों और स्थानीय लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके बाद व्यापार सभा, जिला प्रशासन, नगर निगम, ब्रज तीर्थ विकास परिषद, सामाजिक संस्थाओं और स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थियों की सहभागिता से जागरूकता रैली निकाली जाएगी। रैली के साथ घर–घर संपर्क कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके परिणाम के आधार पर अन्य क्षेत्रों में भी मॉडल लागू किया जाएगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन ने बैठक में एजेंडा रखा। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम ऐप में सुधार किया जा रहा है। कचरा संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए दो घंटे की समय सीमा तय की गई है। समय पर कचरा नहीं उठने पर शिकायत क्रमशः उच्च अधिकारियों तक पहुंचेगी।

अभियान के तहत 50 हजार सूती कपड़े के थैले, पांच हजार फ्लेक्सी-बैनर और 20 लाख पेम्पलेट उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर डस्टबिन भी लगाए जाएंगे। सब्जी मंडी में बैग डिस्पेंसर मशीन का परीक्षण किया जाएगा। बोतल जमा करने पर कपड़े का थैला देने का सुझाव भी रखा गया।

दुकानदारों, व्यापारिक संगठनों, स्कूल–कॉलेज, होटल संचालकों और सामाजिक संस्थाओं के अलग–अलग कार्य समूह बनाकर केंद्रीय स्तर पर निगरानी की जाएगी। नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना, चालान और नोटिस की कार्रवाई जारी रहेगी। अगले चरण में होटल, धर्मशाला, अस्पताल, विश्वविद्यालय, सिविल डिफेंस, रोटरी, लायंस क्लब समेत अन्य संस्थाओं को जोड़ा जाएगा। बैठक में दीपक गोयल, विपिन सिंघल, राजेंद्र अग्रवाल, जनार्दन पोद्दार, विपुल अग्रवाल, निशांत शर्मा और अंकित बंसल मौजूद रहे।

# जहरीले चावल खाने से दो बहनों की मौत, तीसरी गंभीर

## गलती से चावल में मिली फसल की दवा तीनों की बिगड़ी हालत

## पिता ने जताई रंजिश में जहर देने की आशंका पुलिस जांच में जुटी

**यूनिक समय, मथुरा।** छाता थाना क्षेत्र के उमराला गांव में चावल खाने के बाद दो सगी बहनों की मौत हो गई, जबकि उनकी चचेरी बहन की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया गया कि घर में बनाए गए चावल में गलती से फसल में इस्तेमाल होने वाली कीटनाशक दवा पड़ गई थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

उमराला निवासी गुलाब की बेटी मुस्कान (17), उसकी बड़ी बहन अरबाना और चचेरी बहन नगमा ने शाम को घर में चावल बनाए थे। तीनों छत पर बैठकर चावल खा रही थीं। कुछ देर बाद तीनों की हालत बिगड़ने लगी।

परिजनों को जानकारी हुई कि चावल में मसाले की जगह गलती से फसल में इस्तेमाल होने वाली दवा पड़ गई थी। परिजन तीनों को तत्काल केडी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान मुस्कान और अरबाना की मौत हो गई। नगमा की हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे दूसरे अस्पताल ले गए।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। दोनों बहनों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम गृह पर मृतक बहनों के पिता गुलाब ने आरोप लगाया कि पारिवारिक रंजिश के चलते उनकी बेटियों को जहर देकर मारा गया है। पुलिस ने आरोप को जांच में शामिल करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है। चावल में कीटनाशक दवा कैसे पहुंची, इसकी भी जांच की जा रही है।

# सुरीर पुलिस मुठभेड़ की मजिस्ट्रीयल जांच शुरू

**यूनिक समय,मथुरा।** सुरीर थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए बदमाशों के मामले की डीएम ने मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए हैं। सात मई 2026 को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किए गए अभियुक्त राजेन्द्र उर्फ पप्पू पुत्र हनुमान सिंह निवासी अम्बेडकर नगर, बहरोड़ जनपद कोटपुली (राजस्थान) और धर्मवीर उर्फ लम्बू पुत्र रमेश निवासी ग्राम बोकोल थाना गहनौली मोड़, रूपवास जिला भरतपुर (राजस्थान) की अस्पताल में हुई मौत के मामले में जिला मजिस्ट्रेट चंद्र प्रकाश सिंह ने उक्त घटना की मजिस्ट्रीयल जॉच के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट मांट चंद्रभूषण प्रताप को नामित किया गया। घटना के संबंध में उपरोक्त मृतक व्यक्तियों के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी हो तो उप जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय मॉट मथुरा में एक अक्टूबर 2026 को सांय पांच बजे तक जानकारी दे सकते है अथवा डाक के माध्यम से भी जानकारी दे सकते हैं।

## 24 लाख रुपये की लागत से बनेगा एक अंत्येष्टि स्थल

# 12 अंत्येष्टि स्थल के सैकड़ों दावेदार, खींचतान के आसार

## दो सांसद, सात विधायक, 10 ब्लॉक प्रमुख और 495 प्रधानों वाले जिले में शासन से मिले महज 12 स्थल

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में जनप्रतिनिधियों का कुनबा बड़ा है, लेकिन शासन से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए केवल 12 ही अंत्येष्टि स्थल मिले हैं। ऐसे में दो सांसद, सात विधायक, 10 ब्लॉक प्रमुख और 495 ग्राम पंचायत प्रधानों वाले जिले में इन स्थलों के आवंटन को लेकर अब सियासी खींचतान के पूरे आसार बन गए हैं। संभावना है कि हर जनप्रतिनिधि अपनी पसंद की ग्राम पंचायत में अंत्येष्टि स्थल दिलाने की पैरवी में जुटेगा।

पंचायत राज निदेशालय की ओर से आवंटित 12 अंत्येष्टि स्थलों का निर्माण ग्राम पंचायतों में होगा। जिला पंचायत राज विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे, जबकि डीएम के




अंतिम निर्णय के बाद स्थलों का आवंटन किया जाएगा। एक अंत्येष्टि स्थल के निर्माण पर करीब 24 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है। इस लिहाज से 12 स्थलों पर करीब 2.88 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवस्थित अंतिम संस्कार की सुविधा के लिए बनाए जाने वाले अंत्येष्टि स्थल में सामान्यतः पक्का चबूतरा-दाह संस्कार प्लेटफार्म, शव रखने और अंतिम संस्कार की सुरक्षित व्यवस्था, टीनशेड या छायादार स्थान, प्रतीक्षालय, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय और परिसर की घेराबंदी जैसी सुविधाएं विकसित की जाती हैं। लकड़ी रखने के लिए अलग स्थान और पहुंच मार्ग की व्यवस्था भी की जाती है। अंत्येष्टि योजना का उद्देश्य यह है कि अंतिम संस्कार खुले और असुविधाजनक स्थानों के बजाय निर्धारित और स्वच्छ स्थल पर हो सके।

जिला पंचायत राज विभाग से जुड़े जानकारों के अनुसार, 12 स्थलों के लिए ग्राम पंचायतों का चयन आसान नहीं होगा। बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतें अपनी दावेदारी पेश कर सकती हैं। जनप्रतिनिधि भी अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में स्थल स्वीकृत कराने के लिए विभागीय स्तर पर पैरवी कर रहे हैं। 12 स्थलों के मुकाबले दावेदारों की संख्या कई गुना होने से चयन प्रक्रिया पर सबकी निगाहें हैं। फिलहाल विभागीय इस प्रकरण में मौन साधे बैठे हैं।

## अंदर के पेजों की प्रमुख खबरें



नोएडा में मौत बनकर दौड़ी आग लगी स्लीपर बस
पेज–10 पर



माधवी लता की बागलकोट एंट्री पर रोक, प्रशासन ने जारी किया आदेश
पेज–11 पर



पंचरत्नम महाभिषेक में गिरिराज भक्ति से सराबोर हुआ गोवर्धन
पेज–12 पर

# जिले में तीन दिन बादलों की आवाजाही, बारिश के भी आसार

**यूनिक समय, मथुरा।** उमस और गर्मी के बीच जिले के मौसम में अगले तीन दिनों में बदलाव के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, शुक्रवार से रविवार तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और इस दौरान एक-दो दौर बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। वैसे, गुरुवार को दिन में कई बार छाए बादलों से कुछ राहत भी मिलती रही।

मौसम विज्ञानी नरेंद्र कुमार के अनुसार, शुक्रवार को न्यूनतम तापमान करीब 25 डिग्री और



अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

शनिवार को भी तापमान इसी दायरे में रहने के साथ बादलों की आवाजाही और बारिश की संभावना बनी रहेगी। रविवार को अधिकतम तापमान एक डिग्री बढ़कर 35 डिग्री

## शुक्रवार से रविवार तक मथुरा में 34-35 डिग्री तक पहुंचेगा पारा

## गरज-चमक के साथ हो सकती है एक या दो बार हल्की बारिश

तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार, तीनों दिनों में सुबह के समय आर्द्रता करीब 90 प्रतिशत रहने का अनुमान है। ऐसे में बारिश होने पर कुछ समय के लिए गर्मी से राहत मिल सकती है, लेकिन बारिश के बाद उमस बढ़ने की भी संभावना रहेगी। मथुरा-वृंदावन में 23 सितंबर को अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था और 24 घंटे में बारिश नहीं हुई थी।

मौसम विज्ञानी नरेंद्र कुमार के अनुसार, शुक्रवार और शनिवार को 34 डिग्री, रविवार को 35 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ बादल और बारिश के आसार हैं।




# भजन संध्या में गूंजे भक्ति गीत, व्यापारी झूमे



**यूनिक समय, मथुरा।** स्वामी घाट व्यवसाय समिति का वार्षिक वन विहार उत्सव भजन संध्या के साथ धूमधाम से मनाया गया। शुभारंभ नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री सुनील साहनी, उपाध्यक्ष राज नारायण गौर, दिलीप कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष मीना लाल बजाज, वरिष्ठ मंत्री विकास जिंदल, युवा अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल और पार्षद कुंज बिहारी भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया।

समिति के संरक्षक लक्ष्मण खंडेलवाल, बाबूलाल खंडेलवाल, अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, महामंत्री ऋषि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल भगत जी और उपाध्यक्ष राधा रमन रुहेला ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम निदेशक प्रदीप पोशाक वाले, मुख्य संयोजक गिर्राज अग्रवाल कपड़े वाले, संयोजक सुमित अग्रवाल वाले और कान्हा अग्रवाल ने व्यवस्थाएं संभालीं। स्वागत अध्यक्ष संजय अग्रवाल केमिकल वाले ने सदस्यों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। केशव देव म्यूजिकल ग्रुप ने भजन प्रस्तुत किए। विकास जिंदल ने धुन पहचान प्रतियोगिता कराई और विजेताओं को पुरस्कृत किया। रवि अग्रवाल, सुरेश भाटिया, आयुष भार्गव, सुरेश खन्ना, विशाल गुप्ता, विशाल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, अभिषेक जैन, मतीन और जैकी सहित व्यापारी मौजूद रहे। संचालन विकास जिंदल ने किया। श्याम सुंदर अग्रवाल ने आभार जताया।

# सम्प्रेक्षण गृह में किशोरों को वस्त्र बांटकर बढ़ाया उत्साह



संप्रेक्षण गृह में किशोरों को उपहार बांटते जनपद न्यायाधीश विकास कुमार।

**यूनिक समय, मथुरा।** राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में गुरुवार को जनपद न्यायाधीश- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास कुमार ने निवासित किशोरों को टी-शर्ट, लोवर और इनर गार्मेन्ट्स वितरित किए। उन्होंने किशोरों से संवाद कर उन्हें जीवन में सही मार्ग अपनाने और किसी एक क्षेत्र में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

जनपद न्यायाधीश ने कहा कि किशोर बीती घटना को पीछे छोड़कर सदन में मिले अवसरों का सदुपयोग करें। यहां से जाते समय कोई उपयोगी कौशल सीखकर जाएं, जिससे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने सदन में तैनात अध्यापक को

## जनपद न्यायाधीश ने किशोरों को सदन में मिले अवसरों का सदुप्रयोग करने को किया प्रेरित

किशोरों को नियमित शिक्षा और सामान्य ज्ञान की जानकारी देने के निर्देश दिए। कायक्रम में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट परविन्दर सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनीता सिंह, सिविल जज जूनियर डिविजन प्रत्युष आनन्द मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। किशोरों को मिठाई भी वितरित की गई।

# लाडली जी मंदिर की कमान अब 18 सदस्यीय समिति के हाथ

**यूनिक समय, मथुरा।** बरसाना के विश्वप्रसिद्ध ठाकुर लाडली जी मंदिर की व्यवस्था अब 18 सदस्यीय प्रबंध समिति संभालेगी। मंदिर संचालन के लिए चार सितंबर को गठित समिति को अदालत की मंजूरी के बाद अब जिम्मेदारी मिलने का रास्ता साफ हो गया है। समिति में हरिओम गोस्वामी को अध्यक्ष, ध्रुवेश गोस्वामी को उपाध्यक्ष और राहुल गोस्वामी को मंत्री बनाया गया है।

समिति में यज्ञ पुरुष गोस्वामी, बिसम्बर गोस्वामी, भगवान दास गोस्वामी, सोनू गोस्वामी, नकुल गोस्वामी, दीपक गोस्वामी, चंद्र गोस्वामी, श्याम सुंदर गोस्वामी, नितेश गोस्वामी, कन्हैया गोस्वामी, अमित गोस्वामी, महेश गोस्वामी, बलराम गोस्वामी, किशोरी शरण गोस्वामी और माधव गोस्वामी सदस्य हैं। समिति मंदिर की दैनिक व्यवस्थाओं से लेकर अन्य संचालन संबंधी कार्यों को संभालेगी।

मंदिर की व्यवस्था को लेकर करीब 17 वर्षों से चल रहा कानूनी विवाद भी अब समाप्त हो गया है। अपर सिविल

## हरिओम गोस्वामी अध्यक्ष, ध्रुवेश गोस्वामी उपाध्यक्ष और राहुल गोस्वामी बने मंत्री

जज (सीनियर डिवीजन) एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट परविंदर सिंह की अदालत में पक्षकारों ने आपसी सहमति बनने की जानकारी देते हुए मुकदमे वापस लेने की इच्छा जताई। अदालत ने आदेश 23 नियम 1 के तहत तीनों मामलों को समाप्त कर दिया। अदालत ने रिसीवर को तीन दिन के भीतर मंदिर का पूरा कामकाज समिति के अध्यक्ष को सौंपने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद रिसीवर मंदिर के धन से संबंधित कोई लेन-देन या खर्च नहीं कर सकेगा। कामकाज हस्तांतरण की रिपोर्ट भी अदालत में प्रस्तुत करनी होगी। विवाद से जुड़े वाद संख्या 370/2009, 900/2019 और सिविल वाद संख्या 463/2026 अब समाप्त हो चुके हैं।

# स्वास्थ्य शिविर में 175 लोगों की जांच, मिला विशेषज्ञ परामर्श



स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों के साथ स्मारक निदेशक सोनपाल।

## सूर्या फाउंडेशन और गोस्वामी चिकित्सालय ने लगाया निःशुल्क शिविर

## बीपी, शुगर, थायराइड समेत कई जांचें चिकित्सकों ने दिए सुझाव

**यूनिक समय, फरह।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सूर्या फाउंडेशन और गोस्वामी चिकित्सालय दीनदयाल धाम के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। सर्वोदय हॉस्पिटल मथुरा की चिकित्सा टीम ने 175 लोगों की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया।

शिविर का शुभारंभ दीनदयाल धाम के निदेशक सोनपाल, गोस्वामी चिकित्सालय के संचालक डॉ. देवेन्द्र गोस्वामी, सूर्या फाउंडेशन के क्षेत्र प्रमुख आदर्श मिश्रा और सर्वोदय हॉस्पिटल के डॉ. कुशाल गुप्ता (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. अतुल चौधरी (इंटरनल जनरल फिजिशियन), डॉ. श्वेता पनवार (स्त्री रोग विशेषज्ञ) और प्रबंधन से अनुज गोस्वामी ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में बीपी, शुगर, थायराइड और हीमोग्लोबिन समेत विभिन्न जांचें की गईं। आदर्श मिश्रा ने बताया कि सूर्या फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, समरसता और स्वावलंबन के पांच आयामों पर काम कर रहा है। स्वास्थ्य आयाम में 'नर सेवा ही नारायण सेवा है' की भावना से सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. देवेंद्र गोस्वामी ने चिकित्सा टीम का आभार जताया। शिविर में राजकुमार झा, भगवत स्वरूप, सौम्य कुमार, रवीना, रूबी चौहान, तन्नू कुमारी, यतेंद्र कुमार और हरीश सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



डीएम कार्यालय पर ज्ञापन देने आए आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के पदाधिकारी आदि।

# आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला मुख्यालय पर गुरुवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने संपूर्ण भागीदारी आंदोलन के तहत प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में एससी, एसटी और ओबीसी, महिलाओं, अन्य वंचित वर्गों के लिए सामाजिक न्याय, समान अवसर और आरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की गई है। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष संघरतन सेठी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में खाली पड़े बैकलाग पदों पर शीघ्र भर्ती, महिला आरक्षण में वंचित वर्ग के लिए कोटा और जातिगत जनगणना कराने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। इस दौरान चित्रसेन मौर्य, दीपक चौधरी, नितिन मौर्य, हेमेंद्र कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, आनंद, बृजेश अंबेडकर, मोहन सिंह दरोगा, राखी, राजपाल सिंह, केदार सिंह, बने सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्राद्ध से पहले बढ़ी इमरती की मांग, तेज हुआ उत्पादन

**यूनिक समय, मथुरा।** श्राद्ध पक्ष शुरू होने से पहले ही शहर में मिठाई की दुकानों पर इमरती की बिक्री और तैयारी तेज हो गई है। श्राद्ध के दौरान इमरती की बढ़ने वाली मांग को देखते हुए दुकानदारों ने अभी से इसका उत्पादन बढ़ा दिया है। सुबह से ही कई दुकानों पर कारीगर बड़े कड़ाही में इमरती तैयार करते नजर आ रहे हैं।

होली गेट, चौक बाजार और कृष्णा नगर के मिठाई बाजार में इन दिनों इमरती की अलग-अलग किस्में ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। शुद्ध घी से तैयार की जाने वाली इमरती 600 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है, जबकि सादी इमरती का भाव 340 रुपये किलो



उड़द दाल से इमरती तैयार करता कारीगर।

है। दुकानदारों के अनुसार, श्राद्ध पक्ष में इमरती की मांग सामान्य दिनों की अपेक्षा बढ़ जाती है। इसे देखते हुए कारीगरों की संख्या और प्रतिदिन तैयार होने वाली इमरती की मात्रा बढ़ाई जा रही है।

मिठाई कारोबारियों का कहना है कि

## शुद्ध देसी घी की इमरती 600 तो सादी 340 रुपये किलो बिक रही

श्राद्ध पक्ष नजदीक आते ही बिक्री में और तेजी आने की संभावना है। बाजार में खरीदारी करने पहुंच रहे ग्राहकों में भी इमरती को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। मांग बढ़ने की उम्मीद से दुकानदारों ने कच्चे माल और अन्य तैयारियों पर भी ध्यान देना शुरू कर दिया है। मिठाई विक्रेता राकेश अग्रवाल ने बताया कि उड़द दाल से बनने वाली इमरती स्वाद में बेहतर होती है, खाने में यह कुरकुरी होती है।

# किराना दुकान में दूध बढ़ाने वाले मिले ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन,मचा हड़कंप



दुकान से बरामद इंजेक्शन।


इंजेक्शन बरामद करने के बाद दुकान पर मौजूद औषधि निरीक्षक और पुलिस उप निरीक्षक।

### पैठा गांव में औषधि निरीक्षक ने की कार्रवाई दर्जन इंजेक्शन जब्त

### प्रेम पाठक ने नमूने जांच को भेजे, रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन क्षेत्र के पैठा गांव में किराना दुकान पर पशुओं में दूध उतारने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर औषधि निरीक्षक प्रेम पाठक ने टीम के साथ दुकान पर पहुंचकर जांच की। यहां करीब एक दर्जन 100 एमएल के इंजेक्शन मिले, जिन्हें कब्जे में लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

बताया गया कि पैठा गांव में मुरारी शर्मा किराना दुकान का संचालन करते हैं। जांच के दौरान दुकान में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन रखे मिले। औषधि निरीक्षक प्रेम पाठक ने इंजेक्शन कब्जे में लेकर दुकान संचालक से पूछताछ की और जवाब मांगा है। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। ऑक्सीटोसिन का इस्तेमाल पशुओं में दूध उतरने में देरी होने पर किया जाता है। पशुपालकों द्वारा अधिक दूध लेने के लिए इसके इस्तेमाल की शिकायतें सामने आती रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, इसके अनधिकृत इस्तेमाल से पशु और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

पैठा गांव में किराना दुकान पर इंजेक्शन मिलने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। औषधि निरीक्षक के अनुसार, ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की बिक्री पर सरकार ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दुकान संचालक मुरारी शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




# युवती को ले जाने पर गांव में तनाव, पुलिस बल तैनात

### सात दिन पहले समुदाय विशेष के युवक पर युवती को ले जाने का आरोप

### सैकड़ों ग्रामीण मुखराई पहुंचे, पुलिस ने समझाकर स्थिति संभाली

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन थाना क्षेत्र के बसौती गांव की युवती को मुखराई निवासी मुस्ताक खान द्वारा ले जाने के मामले में रविवार को गांव में तनाव की स्थिति बन गई। युवती के नहीं मिलने और आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज बसौती के सैकड़ों ग्रामीण मुखराई गांव पहुंच गए। बड़ी संख्या में ग्रामीणों के पहुंचने की सूचना पर पुलिस और प्रशासन में खलबली मच गई। एहतियातन मुखराई में भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

पुलिस के अनुसार, करीब सात दिन पहले मुस्ताक खान बसौती गांव से युवती को अपने साथ ले गया था। युवती के परिजनों ने तीन दिन पहले गोवर्धन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की, लेकिन अभी उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इसी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश था। सैकड़ों ग्रामीणों के मुखराई पहुंचने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी और बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

सीओ गोवर्धन अनिल कुमार ने बताया कि मुस्ताक खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। पुलिस आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस गांव की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर कैंटर ने कार में मारी टक्कर

### पीछे से हुई भिड़ंत में कार क्षतिग्रस्त, चारों सवार सुरक्षित बच निकले

**यूनिक समय, सुरीर।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा होने से टल गया। माइलस्टोन 73.800 पर पीछे से आए कैंटर ने कार में टक्कर मार दी। भिड़ंत में कार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें सवार चारों लोग सुरक्षित रहे।

जानकारी के अनुसार, कार में चालक टिंकू निवासी तिसार, एटा के साथ अम्बर दीक्षित, दीपक कुमार वर्मा और पारुल माथुर सवार थे। कार एक्सप्रेसवे से गुजर रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे कैंटर के चालक सरमन को नींद की झपकी आ गई और कैंटर कार में जा घुसा। टक्कर लगने से कार को काफी नुकसान हुआ। हादसे की सूचना मिलने पर पीआरवी 5837 मौके पर पहुंची और नौहझील पुलिस को जानकारी दी। गनीमत रही कि कार सवार किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई।

पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया और किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं कराने की बात कही। क्षतिग्रस्त कार को एक्सप्रेसवे से हटाकर किनारे खड़ा कराया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य रूप से चलता रहा। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद मौके पर कानून–व्यवस्था संबंधी कोई स्थिति नहीं बनी।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत

### सुनरख–रामताल मार्ग पर गणेश सिटी के पास हादसा, ट्रक छोड़ चालक फरार

### जैंत पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा ट्रक जब्त कर चालक की तलाश शुरू

**यूनिक समय, चौमुंहा।** जैंत थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह सुनरख–रामताल मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार रामवीर की मौत हो गई। हादसा गणेश सिटी के पास करीब 10:30 बजे हुआ। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। बताया गया कि जैंत निवासी रामवीर बाइक से सुनरख की ओर से आ रहे थे।

इसी दौरान रामताल की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामवीर सड़क पर गिर पड़े और ट्रक की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर जैंत थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने मौके पर मिले ट्रक को जब्त कर लिया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। रामवीर परिवार के मुख्य कमाने वाले थे। उनके दो बेटे हैं। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

## 27 को बाजना में लगेगा नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर

**यूनिक समय, बाजना।** क्षेत्र के लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 सितंबर को श्री ब्रज हितकारी इंटर कॉलेज में निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की नेत्र जांच की जाएगी। शिविर का आयोजन बी.एच.आर.सी. डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर का समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक है। आयोजकों के अनुसार, जरूरतमंद मरीजों को जांच के बाद नेत्र चिकित्सा संबंधी जानकारी और परामर्श भी दिया जाएगा।

# फौजी के घर लाखों की चोरी पुलिस चोरों की तलाश में जुटी

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे की बालाजीपुरम चौकी क्षेत्र में एक फौजी के मकान में बीती रात चोरों ने धावा बोलकर पचास लाख रुपये की नकदी और जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस चोरों की तलाश में सीसी टीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

बालाजीपुर कॉलोनी में रहने वाले फौजी अनिल रावत के मकान पर बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। परिवार के लोग गहरी नींद में सोए हुए थे। चोरों ने मकान में प्रवेश कर कमरे में रखी अलमारियों का ताले तोड़ कर उनमें रखी नकदी और जेवरात चोर कर लिए। घर में हुई चोरी का पता प्रातः लगने पर परिवार के होश उड़ गए। कुछ ही देर में घर में हुई चोरी की वारदात का पता लगने पर आस–पड़ोस के लोग भी एकत्रित हो गए। पुलिस को भी घर में हुई चोरी की जानकारी दी गई। चोरी की वारदात का पता लगने पर चौकी प्रभारी बालाजीपुरम अनुज तोमर फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आस–पास के लोगों से जानकारी ली। इसके साथ ही घटनास्थल के आस–पास लगे सीसी टीवी केमरों की फुटेज देखी जिससे चोरों के बारे में सुराग लग सके। बताया गया कि पीड़ित ने पुलिस को घर में हुई चोरी की तहरीर दी है।

यूनिक समय
स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
कार्यालयः- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक-पवन गौतम
फोन नंबर-0565-3550761
मो. 9837155888
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।



# तीन दिन बैंक हड़ताल,शाखाओं में ठप हो सकता है कामकाज

**यूनिक समय, मथुरा।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (वाइव) की ओर से 28 से 30 सितंबर तक तीन दिवसीय बैंक हड़ताल प्रस्तावित है। हड़ताल का सीधा असर बैंक शाखाओं के सामान्य कामकाज पर पड़ सकता है। कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने की स्थिति में शाखाओं में काउंटर सेवाएं, नकद जमा-निकासी, चेक संबंधी कार्य, पासबुक अपडेट समेत कई नियमित बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि, सेवाओं पर वास्तविक असर बैंककर्मियों की भागीदारी और संबंधित शाखा की स्थिति पर निर्भर करेगा।

कर्मचारियों की हड़ताल से पहले विभिन्न बैंकों की ओर से ग्राहकों को

## 28 से 30 सितंबर तक वाइव की प्रस्तावित हड़ताल, नकदी और जरूरी लेनदेन पहले निपटाने की सलाह

संदेश भेजे जा रहे हैं। ग्राहकों को संभावित परेशानी से बचने के लिए 28 सितंबर से पहले जरूरी बैंकिंग कार्य निपटाने की सलाह दी जा रही है। बैंकों का कहना है हड़ताल के दौरान आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा, लेकिन शाखाओं में सामान्य कामकाज प्रभावित होने की आशंका है।

### इंटरनेट मीडिया पर छाई हड़ताल

बैंककर्मियों की तीन दिनी हड़ताल इंटरनेट मीडिया पर छाने लगी है। कमेंट भी हो रहे हैं। अंकुर का कहना है कि बैंकर्स पर काम का दबाव अधिक होता जा रहा है, स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है, इसलिए सरकार को सप्ताह में पांच दिन का बैंक अवकाश रखने की घोषणा करनी चाहिए। एक अन्य का कहना है कि बैंकों को केवल सोमवार, बुधवार और शनिवार की ही खोलने का प्रस्ताव करना चाहिए।

नकदी की जरूरत वाले ग्राहक एटीएम और एडीडब्ल्यूएम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) से उपलब्ध सेवाओं का भी लाभ लिया जा सकता है। वहीं, इंटरनेट बैंकिंग, योनो, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई के जरिए डिजिटल लेनदेन जारी रखा जा सकता है।

ग्राहकों को खास तौर पर सलाह दी गई है कि वे हड़ताल के दौरान शाखा जाकर होने वाले जरूरी लेनदेन को पहले ही पूरा कर लें। बैंकों की ओर से संभावित असुविधा के लिए खेद जताते हुए ग्राहकों से सहयोग की अपील की जा रही है।




# सेवा संकल्प अभियान के तहत हुई हेल्दी बेबी प्रतियोगिता


बच्चों को उपहार देते भाजपा महानगर अध्यक्ष हरीशंकर यादव आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के लिए बाल विकास विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा समारोह का आयोजन किया गया। जनपद के सभी विकास खंडों के साथ जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में हेल्दी बेबी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्वस्थ बच्चों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर चिन्हित लाभार्थी बच्चों में से स्वस्थ बच्चों का चयन कर प्रतियोगिता कराई गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मौजूद चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति का परीक्षण करने के

## स्वस्थ बच्चों को मिला सम्मान, पोषण किट और खिलौने पाकर खिले चेहरे

बाद प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए बच्चों का चयन किया। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र, खिलौने, पोषण किट प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष हरीशंकर यादव (राजू), सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, जिला मंत्री महिला मोर्चा पूजा चौधरी, डीडीओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बीडीओ और बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।

# ऑडिट आपत्तियों के जल्द निस्तारण के दिए निर्देश


जिला सहकारी बैंक की ऑडिट कमेटी की बैठक करते कमेटी अध्यक्ष चौ.निहाल सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड की ऑडिट कमेटी की बैठक गुरुवार को बैंक मुख्यालय में अध्यक्ष चौ. निहाल सिंह आर्य की अध्यक्षता में हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के समवर्ती और सांविधिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई। प्रतिवेदनों में दर्ज आपत्तियों का शीघ्र निस्तारण कर अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में आंतरिक लेखा परीक्षा की प्रगति भी देखी गई। बताया गया कि पांच शाखाओं की आंतरिक लेखा परीक्षा पूरी हो चुकी है, जबकि शेष शाखाओं का कार्य जल्द पूरा कराने को कहा गया। 20 लाख रुपये तक की धोखाधड़ी से जुड़े मामलों की भी समीक्षा हुई। बैंक में गबन अथवा

## जिला सहकारी बैंक की बैठक में लेखा परीक्षाओं की समीक्षा

अपहरण का कोई मामला लंबित नहीं मिला।

चौ. निहाल सिंह आर्य ने निरीक्षण रोस्टर के अनुसार शाखाओं और सहकारी समितियों का शत-प्रतिशत निरीक्षण कराने को कहा। निर्धारित अवधि में निरीक्षण पूरा नहीं करने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जगदीश कुमार कुंतल, शैलेंद्र कुमार, दमन लाल शर्मा, कुरुक्षेत्र सिंह, अरुण कुमार और आंतरिक लेखा परीक्षक विनोद कुमार गौतम सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखी सीवर जेटिंग मशीन से कराई सफाई


वार्ड में चल रहे कामों को देख में पार्षद चंदन आहूजा।

**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्णा नगर वार्ड नंबर 30 में चल रहे विकास और सफाई कार्यों का गुरुवार को पार्षद चंदन आहूजा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड के डी ब्लॉक में चल रहे नाली और सीसी सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की। पार्षद ने संबंधित कर्मचारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने, कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

वार्ड में सीवर जेटिंग मशीन के माध्यम से सफाई कार्य भी कराया गया। मशीन की मदद से सीवर और नालियों

## पार्षद चंदन आहूजा ने डी ब्लॉक में नाली-सीसी सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की

की सफाई कराकर क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया। पार्षद चंदन आहूजा ने कहा कि वार्ड में चल रहे विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे हों।

# उत्तम ब्रह्मचर्य से मन, वचन और कर्म की शुद्धि


जैन चौरासी मंदिर में गुरुवार को विधान करते श्रावक-श्राविकाएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** दशलक्षण पर्व के नवें दिन गुरुवार को जैन चौरासी मंदिर में आयोजित धर्मसभा में आचार्य सूरत्न सागराचार्य ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की व्याख्या की।

उन्होंने कहा कि विषय-वासनाओं से दूर रहकर मन, वचन और कर्म को संयमित करना ही उत्तम ब्रह्मचर्य है। इसका संबंध केवल बाहरी संयम से नहीं, बल्कि विचारों की निर्मलता और आचरण की शुद्धता से भी है।

आचार्य श्री ने कहा कि इन्द्रियों पर नियंत्रण और मन में पवित्र विचार व्यक्ति को आत्मसंयम की ओर ले जाते हैं। मनुष्य जब अपने विचार, वाणी और व्यवहार में संयम रखता है तो आत्मिक शांति की दिशा में आगे बढ़ता है। धर्मसभा में मौजूद श्रद्धालुओं ने प्रवचन

## आचार्य सूरत्न सागराचार्य ने आत्मसंयम और पवित्रता का महत्व बताया

सुनकर पवित्रता, सदाचार और संयम का जीवन अपनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान डॉ. जयप्रकाश, चंद्र प्रभु पंचायती जैन मंदिर के अध्यक्ष संजीव जैन, मनीष गोदरेज, अजय, वीरेन्द्र, प्रमोद, योगेश, रीना, शिखा, बबीता, सानू और मनीषा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाजबंधु मौजूद रहे। धर्मसभा में उत्तम ब्रह्मचर्य को आत्मकल्याण की राह बताते हुए मन को पवित्र, वाणी को संयमित और आचरण को निर्मल रखने का संदेश दिया गया।

# नैनो उर्वरकों के प्रयोग से किसानों को लाभ पहुंचाने पर दिया जोर

**यूनिक समय, मथुरा।** इफ्को के तत्वावधान में जिले में जिला सहकारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करने, इनके प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक सहकारिता आदित्य कुमार दुबे ने जिले में नैनो उर्वरकों के प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित किसान सभाओं, फील्ड डेमोंस्ट्रेशन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। आदित्य कुमार दुबे ने सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। राज्य विपणन प्रबंधक यतेंद्र तेवतिया ने सहकारी समितियों से इफ्को उत्पादों की बिक्री बढ़ाने और उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए किसानों को जागरूक किया। इस मौके पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अभिषेक मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी,यतेंद्र तेवतिया,योगेश कुमार शर्मा, प्रहलाद सिंह मौजूद रहे।

# कोटवन औद्योगिक क्षेत्र में काले तेल से भरा टैंकर पलटा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** औद्योगिक क्षेत्र कोसी-कोटवन में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। काले तेल (फर्नेस ऑयल) से भरा एक तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें भरा लाखों रुपये का काला तेल सड़क पर नदी की तरह बह गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि इस हादसे में चालक-परिचालक की जान बाल-बाल बच गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार, टैंकर मथुरा की ओर से दिल्ली की तरफ जा रहा था। जैसे ही टैंकर कोसी-कोटवन औद्योगिक क्षेत्र के मोड़ पर पहुंचा, तभी


टैंकर पलटने से सड़क पर बिखरा काला तेल।

अचानक सामने वाहन आ जाने से चालक ने नियंत्रण खो दिया और टैंकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया, जिससे टैंकर का चैंबर फट गया और पूरा काला तेल सड़क पर फैल गया। तेल सड़क पर फैलने से करीब 200 मीटर तक सड़क पर फिसलन हो गई और सड़क पूरी तरह काली हो गई। कई

## लाखों का नुकसान

बाइक सवार फिसल कर गिरते-गिरते बचे।

स्थानीय लोगों ने बड़ी मुश्किल से चालक को केबिन से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही कोसीकलां पुलिस मौके पर पहुंच गई और क्रेन मंगाकर टैंकर को सीधा कराया गया। पुलिस ने मिट्टी डालकर सड़क की फिसलन को कम कराया, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। बताते हैं कि इस हादसे में करीब तीन से चार लाख रुपये के तेल का नुकसान हुआ है। पुलिस ने बताया कि चालक को मामूली चोटें आई हैं।

# मेडिकल स्टोरों पर एच–1 दवाओं का रखना होगा पूरा रिकॉर्ड

## दवा का नाम, मरीज का पता, डॉक्टर और बिक्री की मात्रा होगी दर्ज

## लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले के मेडिकल स्टोर संचालकों को अब शेड्यूल एच–1 की दवाओं का पूरा हिसाब रखना होगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जनपद के सभी थोक और फुटकर औषधि व्रिक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान पर शेड्यूल एच–1 का अलग रजिस्टर अनिवार्य रूप से तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

विभाग ने साफ किया है कि दवाओं की बिक्री का रिकॉर्ड नहीं रखने या निर्धारित सूचना उपलब्ध नहीं कराने पर संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। शेड्यूल एच–1 की दवाओं की बिक्री के दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों को रजिस्टर में दवा का नाम, मरीज का नाम और पता, चिकित्सक का नाम, बेची गई दवा की मात्रा स्पष्ट रूप से दर्ज करनी होगी।

औषधि निरीक्षक प्रेम पाठक ने कहा कि ऐसी दवाओं की बिक्री का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखना है, ताकि जरूरत पड़ने पर दवा की बिक्री और उसके उपयोग से संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय की ओर से 19 अगस्त को भेजे गए पत्र के माध्यम से विभाग के संज्ञान में आया कि जिले के कई मेडिकल स्टोर संचालक शेड्यूल एच–1 की दवाओं से संबंधित रिकॉर्ड नियमित रूप से नहीं रख रहे हैं।

औषधि निरीक्षक ने कहा कि सभी मेडिकल स्टोर संचालक शेड्यूल एच–1 का रजिस्टर व्यवस्थित रूप से तैयार कर नियमित रूप से अपडेट करें। निर्धारित प्रारूप में तैयार की गई सूचना की प्रति जिला क्षय रोग अधिकारी को ई–मेल पर भेजें।

# डाकुओं के सामने बालक दीनदयाल ने दिखाया था अद्भुत साहस


आर्य

## पं. दीनदयाल के जन्म दिन पर कक्षा तीन के छात्र आर्य ने उकेरा प्रेरक प्रसंग

**यूनिक समय, फरह।** शुक्रवार, 25 सितंबर को अंत्योदय के उपासक पं. दीनदयाल का जन्मदिन मनेगा। ऐसे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बचपन से जुड़ा एक प्रेरक प्रसंग आर्य ने प्रस्तुत किया है। आर्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा तीन के छात्र हैं। आर्य के अनुसार, करीब सात-आठ वर्ष की उम्र में दीनदयाल उपाध्याय के मामा राधारमण के घर एक रात करीब एक दर्जन डाकू घुस आए। लूटपाट के दौरान एक डाकू ने बालक दीनदयाल को जमीन पर गिराकर छाती पर पैर रख दिया और जान से मारने की धमकी दी। मामी से आभूषण देने को कहा गया।

बालक दीनदयाल ने निर्भीकता से कहा कि उन्होंने सुना है डाकूअमीरों को लूटकर गरीबों की मदद करते हैं, लेकिन यहां गरीबों को ही लूटा जा रहा है। यह सुनकर डाकुओं का सरदार प्रभावित हुआ और साथियों सहित लौट गया। आर्य ने प्रसंग में दीनदयाल की साहस, तर्कशीलता और वाकपटुता को रेखांकित किया।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों संग दी विदाई


विसर्जन से पहले गणेश प्रतिमा का पूजन करते विकास खत्री, खूबी राम पांडेय, सीमा पांडेय, सौरभ पांडेय, लक्की पांडेय, संतोष राजपूत आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** गुरुवार को आप और हम मित्र मंडल की ओर से खूबी राम पांडेय के यहां 10 दिन से चल रहे गणेश उत्सव का समापन गणपति विसर्जन के साथ हुआ। महिलाओं और बच्चों ने ढोल–नगाड़ों के साथ विसर्जन यात्रा निकाली। श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए गोकुल बैराज पहुंचे, जहां विधि–विधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

मीडिया प्रभारी विकास खत्री ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। सीमा पांडेय ने बताया कि गणेश उत्सव को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह रहा। सन्तोष राजपूत ने कहा कि यह 12वां विसर्जन था और विदाई के समय महिलाएं भावुक हो गईं। विसर्जन यात्रा में खूबी राम पांडेय, सीमा पांडेय, विकास खत्री, सौरभ पांडेय, लक्की पांडेय, अनीता अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, ज्योति खत्री, उर्मिला पचौरी, तरला शर्मा, सुनीता शर्मा, सुमन शुक्ला, संतोष ठाकुर, सुनीता अग्रवाल, आरती सिंह, नीरा चतुर्वेदी, शालू, ललितेश, आरती चौरसिया, वंदना सक्सेना, पूनम राठौर और तारा चौरसिया सहित महिलाएं शामिल रहीं।

# विश्व नदी दिवस पर कैडेट्स ने दिया नदी संरक्षण का संदेश


विश्व नदी दिवस पर प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूक करते हुए एनसीसी के अधिकारी और अन्य लोग।

## पोस्टर प्रतियोगिता में 100 से अधिक कैडेट्स ने लिया भाग

**यूनिक समय, मथुरा।** विश्व नदी दिवस पर 11 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विक्रांत त्यागी, सेना मेडल के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता में किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किशोरी रमण इंटर कॉलेज और चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज के 100 से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार अग्रवाल ने नदियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके संरक्षण की आवश्यकता बताई। मेजर नूतन कुमार ने विश्व नदी दिवस के अवसर पर नदी पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी कैडेट्स को दी। पोस्टर प्रतियोगिता में कैडेट रुद्र कुमार ने प्रथम, तनिष्क ने द्वितीय और नवीन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तेजवीर और विवेक को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल ने प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले हानिकारक प्रभावों की जानकारी देते हुए इसके उपयोग को कम करने का संदेश दिया। इस मौके पर आलोक द्विवेदी, सुखविंदर सिंह,अशोक कुमार कौशिक, राजेश गौतम, उमेश शर्मा, राजेश सारस्वत, नवीन अग्रवाल, अजय कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक ने संचालन किया।


# तीन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक और मोबाइल बरामद

**यूनिक समय मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने मोबाइल और बाइक चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बीएसए इंजीनियरिंग रोड पर पोखर वाले रास्ते पर मंदिर के निकट से अभियुक्त इंद्रजीत, अनिल निवासी दौलतपुर थाना फरह और धीरज निवासी रहीमपुर थाना फरह को गिरफ्तार कर उनसे चोरी का मोबाइल और पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है।

# कार्यक्रम के दौरान युवक की जेब से एक लाख रुपये पार

**यूनिक समय,बल्देव।** सादाबाद रोड के एक होटल में कार्यक्रम के दौरान युवक की जेब से एक लाख रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। कस्बा की गली पथवारी के ललित कुमार पांडेय ने बताया कि 11 जून को वह होटल में पूज्य अवधूतश्वरानंद सरस्वती के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। शाम करीब तीन से चार बजे के बीच उसकी जेब से एक लाख रुपये चोरी कर लिए गए। ललित ने कस्बा के पवन गोयल पर चोरी में शामिल होने का संदेह जताया है।

# बीएसए में छात्र रहे नितिन मित्तल अब संभाल रहे अध्यक्ष की कमान


नितिन मित्तल

## 2002 में यहीं से इंजीनियरिंग की 2023 में उपाध्यक्ष बने और अब अध्यक्ष

**यूनिक समय, मथुरा।** जिस कॉलेज में कभी छात्र बनकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई की, आज उसी संस्थान की जिम्मेदारी संभालना किसी भी व्यक्ति के लिए खास उपलब्धि हो सकती है। इंजी. नितिन मित्तल के साथ भी कुछ ऐसा ही है। बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्र रहे नितिन मित्तल अब कॉलेज के अध्यक्ष हैं। उनके लिए यह जिम्मेदारी अपने पुराने संस्थान से दोबारा जुड़ने जैसा अनुभव है।

14 जनवरी 1980 को मथुरा के प्रतिष्ठित व्यवसायिक परिवार में जन्मे नितिन मित्तल को शिक्षा का माहौल परिवार से ही मिला। उनके पिता इंजी. मोहन लाल मित्तल आईआईटी से शिक्षित हैं। परिवार में शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी गई। इसी माहौल में पढ़े नितिन मित्तल ने वर्ष 2002 में बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की।

इंजीनियरिंग के बाद उन्होंने पारिवारिक व्यवसाय संभाला, लेकिन सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े रहे। श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल (पंजी.) से जुड़ने के बाद उनका बीएसए कॉलेज से रिश्ता फिर मजबूत हुआ। वर्ष 2023 में वे बीएसएसीईटी के उपाध्यक्ष बने। इस दौरान कॉलेज के आधारभूत ढांचे, प्रयोगशालाओं, विद्यार्थियों के प्लेसमेंट और पढ़ाई की गुणवत्ता से जुड़े कामों पर उन्होंने विशेष ध्यान दिया।

अब अध्यक्ष के रूप में उनकी नई भूमिका शुरू हुई है। उनका कहना है–बीएसएसीईटी मेरे दिल में बसता है। छात्र से अध्यक्ष तक का यह सफर संस्थान से उनके लंबे जुड़ाव की कहानी भी है।

## मंडलीय सीनियर पुरुष हॉकी ट्रायल में 10 खिलाड़ी लेंगे भाग

**यूनिक समय, मथुरा।** मंडलीय सीनियर पुरुष हॉकी चयन ट्रायल्स का आयोजन 25 सितंबर को एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम आगरा में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। उप क्रीड़ा अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि जनपद से चयनित खिलाड़ियों को मंडलीय ट्रायल्स में प्रतिभाग के लिए भेजा जा रहा है। इनमें अंशुल, विशाल कुमार, पीयूष उपाध्याय, माधव सागर, अजय, सौरभ, चकेश नारायण, बीर, कृष्णा और सचिन सहित खिलाड़ी शामिल हैं।

## चौमुहां में हेल्दी बेबी प्रतियोगिता, महिलाओं को पोषण संदेश

**यूनिक समय, चौमुहां।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड सभागार में आंगन मिलन सेवा, हेल्दी बेबी प्रतियोगिता और पोषण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सह संयोजक चौधरी विक्रम सिंह और पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य, वजन और पोषण स्तर की जांच कर हेल्दी बेबी प्रतियोगिता कराई गई। स्वस्थ पाए गए बच्चों का चयन कर उनकी माताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और चिन्हित कुपोषित बच्चों को पोषाहार और राशन सामग्री वितरित की गई। इस दौरान डॉ. संतोष गुप्ता, एडीओ आईएसबी राकेश कर्दम, एडीओ पंचायत नवेश कुमार सुमन, सुपरवाइजर प्रवेश कुमारी, आंगनबाड़ी विमलेश सैनी, मिथलेश, किरन शर्मा, संतोष, ललता, धर्मवती और सहायिकाएं विजयलक्ष्मी, गुड्डी, डोली और राधा सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और क्षेत्रीय महिलाएं मौजूद रहीं।

## 28 सितंबर से शिक्षामित्रों का अनिश्चितकालीन धरना

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के आह्वान पर जनपद के शिक्षामित्र 28 सितंबर से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना–प्रदर्शन शुरू करेंगे। यह जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष खेमसिंह चौधरी ने दी।

## हत्या के प्रयास में वांछित दो गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आन्यौर में कार सवार रामू और अमित पर जानलेवा हमला कर उन्हें घायल करने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त साहिल और मनीष निवासी ग्राम जचौंदा गोवर्धन को माधुरी कुंड जाने वाले लिंक रोड से गिरफ्तार कर उनसे घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडे बरामद किए हैं।

## 213 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** जैंत पुलिस ने चौकी चारधाम से अल्हेपुर को जाने वाले कच्चे रास्ते से अभियुक्त शाहरुख निवासी घीयामंडी थाना कोतवाली को 213 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीसी एक्ट में कार्रवाई की है।

## हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** नौहझील पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे अभियुक्त सत्येंद्र कुमार निवासी मुड़ेलिया को मुड़ेलिया बाजना रोड पर रामचरन के ट्यूबवैल की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त देशी तमंचा-कारतूस, मोटरसाइकिल बरामद की है।

## झगड़े और फायरिंग के आरोप में छह के खिलाफ रिपोर्ट

**यूनिक समय, बरसाना।** थाना क्षेत्र के ग्राम मानुर में घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया है। ग्राम निवासी श्याम सुंदर सिंह की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़ित के अनुसार 21 सितंबर की सुबह करीब आठ बजे देवेश, योगेंद्र, गोपाल, विष्णु, राहुल, जज्जा और हरिओम उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए लाठी, फरसा और कट्टा लहराकर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान धारदार हथियार से गोपाल पर हमला किया गया, जबकि राहुल, देवेश और योगेंद्र ने उसके सिर पर गंभीर चोट पहुंचाई।

# खेत में पलटी पिकअप, चालक की मौत, साथी घायल


पलटी पिकअप से भैंस को वाहन निकालते लोग।

## भैंस-भैंसा लेकर अलीगढ़ जा रहे थे दोनों, हादसे में पांच बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया


मृतक का फाइल फोटो।

**यूनिक समय, सुरीर।** थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह भैंस और भैंसा लेकर अलीगढ़ जा रही पिकअप बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। हादसे में पिकअप चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, शेरगढ़ निवासी शकील पुत्र मल्लन (40) पिकअप बोलेरो में दो भैंस और एक भैंसा लादकर अपने साथी राजा पुत्र अली सलाम, निवासी भरभूजा गली, शेरगढ़ के साथ अलीगढ़ की ओर जा रहा था। सुरीर-भदनवारा मार्ग पर मरघट के समीप अचानक वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। पिकअप पलटते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

लोगों ने वाहन का शीशा तोड़कर शकील और राजा को बाहर निकाला। हादसे में एक भैंस भी वाहन के अंदर दब गई, जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया।

सूचना मिलने पर थाना सुरीर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। रास्ते में ही चालक शकील ने दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक पांच बच्चों का पिता था।

उसके परिवार में दो बेटे और तीन बेटियां हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई बाइक

## हादसे में बाइक सवार युवक घायल, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया


हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।

**यूनिक समय, सुरीर।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नौहझील भेजा।

पुलिस चौकी प्रभारी बाजना कट हरेंद्र सिंह तोमर और देवेंद्र सिंह के अनुसार, हादसा थाना नौहझील क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 67.800 पर नोएडा से आगरा जाने वाले मार्ग पर हुआ। बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और चालक टिंकू पुत्र महिपाल सिंह, निवासी बंटी गढ़ी, थाना बिसावर, हाथरस घायल हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पीआरवी 5837 मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने घायल युवक को तत्काल सीएचसी नौहझील पहुंचाया। इसके बाद क्षतिग्रस्त बाइक को एक्सप्रेसवे से हटवाकर किनारे करा दिया गया। पुलिस की तत्परता से यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई और एक्सप्रेस-वे पर आवागमन सामान्य बना रहा।

# हुलवाना में मंत्री लक्ष्मीनारायण ने कार्यकर्ताओं संग लगाई झाड़ू

## सेवा पखवाड़े में ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर लिया स्वच्छता अभियान में हिस्सा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा पखवाड़े के तहत गुरुवार को नंदगांव विकासखंड के गांव हुलवाना में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ झाड़ू लगाकर अभियान की शुरुआत की। मंत्री ने गांव की मुख्य सड़क, गलियों, नालियों और पंचायत घर परिसर में श्रमदान किया।

मंत्री को स्वयं सफाई करते देख ग्रामीण भी अभियान में शामिल हो गए। देखते ही देखते कई स्थानों पर जमा कचरा साफ किया गया। इस दौरान चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वच्छता को सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए उन्होंने कहा कि साफ-सफाई से गांव का वातावरण स्वस्थ और बेहतर रहता है।

उन्होंने ग्रामीणों से घर, गली और गांव को साफ रखने के साथ स्वच्छता को रोजमर्रा की आदत बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ब्रज की पवित्र भूमि को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, मनोज फौजदार, मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सब्जी मंडी में अतिक्रमण से जनता बेहाल, पालिका-पुलिस मौन

## रामलीला महोत्सव से पहले भी नहीं जागा प्रशासन, रोजाना भिड़ रहे ठेल वाले

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के सबसे व्यस्ततम थाना रोड सब्जी मंडी में अतिक्रमण के कारण आम लोगों का चलना दूभर हो गया है। सड़क पर आड़े-तिरछे ठेल और अवैध कब्जे के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, लेकिन हैरानी की बात है कि इस सड़क से रोजाना गुजरने के बावजूद न तो नगर पालिका और न ही स्थानीय पुलिस कोई कार्रवाई कर रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, थाना रोड सब्जी मंडी में दुकानदारों और ठेल वालों ने सड़क पर ही कब्जा कर रखा है। पालिका की जमीन पर अवैध रूप से ठेल लगाकर सड़क को आधा घेर लिया जाता है। अतिक्रमण के कारण स्कूली बच्चों, महिलाओं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि पालिका की जमीन पर ठेल लगाने को लेकर ठेल वाले रोजाना आपस में ही भिड़ जाते हैं और गाली-गलौज और मारपीट तक की नौबत आ जाती है। कुछ दिन बाद ही श्री रामलीला महोत्सव शुरू होने वाला है। इसी थाना रोड से प्रतिदिन भगवान की झांकियां निकलेंगी, लेकिन अभी तक नगर पालिका और पुलिस ने अतिक्रमण हटाने के लिए कोई भी अभियान नहीं चलाया और न ही अतिक्रमणकारियों को कोई चेतावनी दी है। यदि समय रहते जाम से निजात नहीं मिली तो झांकियों के दौरान भारी अव्यवस्था फैल सकती है।

# करोड़ों की चोरी के बाद भी नहीं चेते सर्राफा व्यापारी

## दुकानों के बाहर न सीसीटीवी, न दिन में चौकीदार

## पुलिस की बैठक के बाद भी कर रहे अनदेखी, बाजार में सुरक्षा ध्वस्त

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के सर्राफा बाजार में हुई करोड़ों की चोरी की बड़ी वारदात के बाद भी सर्राफा व्यापारियों ने सबक नहीं लिया है। बाजार की सुरक्षा व्यवस्था आज भी भगवान भरोसे चल रही है। न तो अधिकांश दुकानों के बाहर अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं और न ही दिन में सुरक्षा के लिए कोई चौकीदार की व्यवस्था की गई है। पूरा सर्राफा व्यवसाय केवल पुलिस पर निर्भर होकर रह गया है।

बताया गया कि इस मामले को लेकर पुलिस प्रशासन सर्राफा व्यापारियों के साथ बैठक कर चुका है। बैठक में पुलिस ने स्पष्ट रूप से व्यापारियों से कहा था कि सभी व्यापारी अपनी-अपनी दुकानों के बाहर अच्छी क्वालिटी और नाइट विजन वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, दुकान के बाहर भरपूर प्रकाश की व्यवस्था करें और दिन में बाजार की सुरक्षा के लिए एक चौकीदार की व्यवस्था करें।

पुलिस का कहना है कि पुलिस रात में पूरी तरह गश्त करती है, लेकिन दिन में भीड़भाड़ वाले समय में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए व्यापारियों का सहयोग जरूरी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सर्राफा बाजार में रात के समय सुरक्षा की कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है।

बाजार में रोशनी की व्यवस्था भी पूरी तरह ग्रस्त रहती है, जिससे अंधेरे का फायदा उठाकर चोर आसानी से वारदात को अंजाम दे देते हैं। करोड़ों की चोरी के बाद भी बाजार में वही पुराने हालात बने हुए हैं।




# मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन


मांगों को लेकर ज्ञापन देतीं आशा कार्यकर्ता।

**यूनिक समय, सुरीर।** विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्रदर्शन किया और डीएम के नाम एसडीएम मांट चंद्र भूषण प्रताप और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जितेश तिवारी को ज्ञापन सौंपा। आशा कार्यकर्ताओं ने सरकार से लंबित मांगों पर जल्द निर्णय लेने की मांग की।

आशा कार्यकर्ता पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं। यहां उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जितेश तिवारी को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कार्यकर्ताओं ने मांगों पर शीघ्र कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। इसके बाद आशा कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए नारेबाजी के साथ तहसील परिसर पहुंचीं। वहां उन्होंने एसडीएम चंद्र भूषण प्रताप को डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विभिन्न मांगों के समाधान के साथ आगामी 30 सितंबर को लखनऊ में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया।

## लखनऊ में 30 सितंबर के धरने में शामिल होने की अनुमति मांगी

आशा कार्यकर्ता साधना ने कहा कि सरकार को उनकी समस्याओं और मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रही हैं। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष ममता, साधना शर्मा, अनिता, सीमा, वीनू, हेमलता, अमिता शर्मा, मिथलेश और मीरा सहित बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# सभासद पति पर मुख्य गली में अतिक्रमण का आरोप, ईओ से की शिकायत

**यूनिक समय, बाजना।** कस्बा की मुख्य गली में ढकेल लगाकर किए गए अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि एक कथित पत्रकार और सभासद पति भाई ने मुख्य मार्ग पर ढकेल लगाकर रास्ते को घेर रखा है। इससे राहगीरों और दुकानदारों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने सार्वजनिक रूप से नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को लिखित शिकायत दी है। शिकायत में मुख्य गली से अतिक्रमण हटवाने, सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत की मुख्य गली आमजन के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। ऐसे में सड़क या सार्वजनिक स्थान पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार का कहना है कि अतिक्रमण को लेकर प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, जल्दी ही निरीक्षण कर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या में वांछित आरोपी गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद

**यूनिक समय, सुरीर।** थाना नौहझील क्षेत्र में हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की बाइक, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार 24 सितंबर को सुबह करीब 9:24 बजे मुडलिया-बाजना रोड पर रामचरन की ट्यूबवेल की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से आरोपी सतेन्द्र कुमार (35) पुत्र जहान सिंह निवासी मुडलिया, थाना नौहझील को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त ग्रे रंग की बिना नंबर प्लेट वाली एचएफ डीलक्स बाइक भी बरामद हुई।

## सुविचार

हार केवल तब होती है, जब इंसान प्रयास करना पूरी तरह छोड़ देता है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | चतुर्दशी | 11:18-11:07 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | शतभिषा | 10:35-10:35 तक | माह | भाद्रपद |
| सूर्योदय | | 6:16 AM | चन्द्रोदय | 04:55 PM |
| सूर्यास्त | | 6:21 PM | चंद्रास्त | 05:34 AM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | कुंभ राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM –12:41 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:20-05:18 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 01:49 PM: 03:19 PM | वार | शुक्रवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### कल रखा जाएगा व्रत,14 गांठों वाले अनंत सूत्र की परंपरा

# अनंत चतुर्दशी पर विष्णु पूजा से बरसेगी सुख समृद्धि



**यूनिक समय, मथुरा।** अनंत चतुर्दशी का पर्व 25 सितंबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि 24 सितंबर की रात 11:18 बजे शुरू होकर 25 सितंबर की रात 11:06 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार व्रत और

### महिलाएं बाएं और पुरुष दाहिने हाथ में बांधें अनंत सूत्र

भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा 25 सितंबर को की जाएगी। इसी दिन गणपति उत्सव का समापन होने के साथ बप्पा की विदाई भी होगी।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अनंत चतुर्दशी पर भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा और व्रत करने से सुख–शांति, समृद्धि और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। महिला और पुरुष दोनों यह व्रत रख सकते हैं। पूजा के लिए सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करने के बाद व्रत का संकल्प लेना चाहिए। इसके बाद पूजा स्थल की सफाई कर लकड़ी की चौकी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाएं। चौकी पर कलश स्थापित कर सामने लक्ष्मी–नारायण की प्रतिमा रखें। कलश और भगवान को फूल, अक्षत आदि अर्पित करने के बाद धूप–दीप जलाकर पूजा शुरू करें। पूजा में घी का दीपक जलाने और भगवान को भोग लगाने की परंपरा है। इसके बाद अनंत चतुर्दशी की व्रत कथा का पाठ किया जाता है।

MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

पूजा में 14 गांठों वाले अनंत सूत्र का विशेष महत्व माना गया है। कुशा, सूती या रेशमी धागे से तैयार सूत्र में हल्दी और कुमकुम लगाकर 14 गांठें लगाई जाती हैं। इसे पहले भगवान विष्णु को अर्पित कर पूजा की जाती है। पूजा के बाद मंत्र जाप करते हुए महिलाओं को बाएं और पुरुषों को दाहिने हाथ में अनंत सूत्र बांधना चाहिए। इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन कराने और स्वयं प्रसाद ग्रहण करने की परंपरा है।

# गयाजी से पहले पुनपुन में होता है पहला पिंडदान



**यूनिक समय, मथुरा।** पितृपक्ष में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने की परंपरा है। बिहार के गया को पिंडदान के प्रमुख तीर्थों में माना जाता है, लेकिन धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गया पहुंचने से पहले पटना के समीप पुनपुन नदी के तट पर पहला तर्पण और पिंडदान किया जाता है। इसी कारण पुनपुन को पितृमोक्ष का प्रथम द्वार कहा जाता है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम जब पिता राजा दशरथ के श्राद्ध और पिंडदान के लिए गया जा रहे थे, तब उन्होंने माता सीता के साथ पुनपुन नदी के तट पर सबसे पहले तर्पण किया था। इसके बाद वे गया पहुंचे और फल्गु नदी के किनारे पिंडदान किया। इसी मान्यता के चलते पितृपक्ष में कई श्रद्धालु पुनपुन से अपनी धार्मिक यात्रा शुरू करते हैं।

मान्यता है कि पुनपुन नदी में स्नान, तर्पण और प्रथम पिंडदान के बाद गया में पिंडदान करने से पितरों को शांति

### श्रीराम से जुड़ी है मान्यता पितृमोक्ष का प्रथम द्वार माना गया है


### 26 सितंबर से शुरू होगा पितृपक्ष, 10 अक्टूबर को समापन

प्राप्त होती है। गरुड़ पुराण से जुड़ी मान्यताओं में पुनपुन नदी को 'आदिगंगा' कहा गया है। धार्मिक विश्वास के अनुसार यहां किए गए तर्पण का पुण्य सात पीढ़ियों तक प्राप्त होता है।

वर्ष 2026 में पितृपक्ष की शुरुआत 26 सितंबर को पूर्णिमा श्राद्ध से होगी, जबकि नियमित प्रतिपदा श्राद्ध 27 सितंबर से शुरू होगा। इसका समापन 10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या के साथ होगा।

# स्क्रीन प्रोटेक्टर खरीदने वालों के लिए बदले नियम

**यूनिक समय, मथुरा।** स्मार्टफोन की स्क्रीन को टूटने और खरोंच से बचाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्क्रीन प्रोटेक्टर को लेकर केंद्र सरकार ने नया नियम लागू करने की तैयारी की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार स्क्रीन प्रोटेक्टर को अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन के दायरे में शामिल किया गया है।



नया नियम एक अप्रैल 2027 से प्रभावी होगा। इसके बाद स्मार्टफोन के लिए बनाए जाने वाले ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर को भारतीय मानक आईएस 19348:2025 का पालन करना होगा। इस मानक में प्रोटेक्टर की मोटाई, आकार, मजबूती, चिपकने वाली परत और टूटने की स्थिति में सुरक्षा जैसी विशेषताओं को शामिल किया गया है। इसके अलावा एंटी–शटर फिल्म, तेलरोधी परत, चमक कम करने वाली परत और निजता से जुड़ी फिल्म जैसी सुविधाओं के मानक भी निर्धारित किए गए हैं।

नए नियम के लागू होने से पहले निर्माताओं और आयातकों को अपने उत्पादों को निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार करने और परीक्षण कराने का समय मिलेगा। बीआईएस से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में उत्पाद की जांच के बाद पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी। एक अप्रैल 2027 के बाद बिना जरूरी प्रमाणन वाले उत्पादों की बिक्री पर रोक लागू होगी। नियम लागू होने के बाद बाजार में गुणवत्ता मानकों

### एक अप्रैल 2027 से बीआईएस प्रमाणन के बिना बिक्री पर रोक

### आईएस 19348 :2025 मानक में गुणवत्ता और मजबूती की जांच होगी

पर खरे उतरने वाले स्क्रीन प्रोटेक्टर उपलब्ध होने की उम्मीद है। इससे बेहद सस्ते और कम गुणवत्ता वाले उत्पादों की बिक्री प्रभावित हो सकती है। प्रमाणन और परीक्षण की लागत के कारण कुछ प्रोटेक्टर की कीमत बढ़ने की संभावना भी जताई जा रही है। वहीं, निर्धारित मानकों के कारण खरीदारों को उत्पाद की गुणवत्ता और मजबूती के बारे में अधिक भरोसा मिल सकेगा।

# स्कूलों के पास जंक फूड बिक्री पर लग सकती है रोक



**यूनिक समय, मथुरा।** बच्चों में बढ़ते मोटापे और अस्वास्थ्यकर खान–पान की आदतों को देखते हुए स्कूलों के आसपास जंक फूड की बिक्री पर रोक लगाने की तैयारी है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के प्रस्ताव के तहत स्कूलों के 50 मीटर दायरे में हाई फैट, शुगर और सॉल्ट (एचएफएसएस) वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री प्रतिबंधित की जा सकती है। इनमें चिप्स, कोल्ड ड्रिंक, चॉकलेट, पिज्जा और बर्गर जैसे उत्पाद शामिल हैं।

प्रस्ताव का असर देश के करीब 15 लाख स्कूलों के आसपास की दुकानों और ठेलों पर पड़ सकता है। एफएसएसएआई के अनुसार, इसका

### 50 मीटर दायरे में चिप्स कोल्ड ड्रिंक पर प्रस्तावित रोक

### बच्चों में बढ़ते मोटापे को देखते हुए एफएसएसएआई ने तैयार किया खाका

उद्देश्य बच्चों में कम उम्र से ही स्वस्थ खान–पान की आदत विकसित करना है।

दुकानदारों को गैर–एचएफएसएस यानी अपेक्षाकृत पौष्टिक खाद्य पदार्थ बेचने की अनुमति रहेगी। आंकड़ों के अनुसार, भारत में 5 से 19 वर्ष के ओवरवेट या मोटापे से ग्रस्त बच्चों की संख्या 2015 के 2.8 करोड़ से बढ़कर 2025 में 4.1 करोड़ हो गई।

# 15 साल से पहले बच्चों को सिखाएं पैसे की ये बातें

**यूनिक समय, मथुरा।** बच्चों को पढ़ाई और करियर की तैयारी के साथ आर्थिक समझ देना भी जरूरी माना जाता है। छोटी उम्र से ही यदि उन्हें कमाई, खर्च, बचत और कर्ज से जुड़ी बुनियादी बातें समझाई जाएं तो आगे चलकर वे पैसों से जुड़े फैसले अधिक सोच–समझकर ले सकते हैं। चाणक्य के नीति–विचारों से प्रेरित पांच आर्थिक सीख माता–पिता बच्चों को किशोरावस्था से पहले दे सकते हैं।



बच्चों को यह बताना जरूरी है कि पैसा मेहनत और काम के बदले मिलता है। छोटी जिम्मेदारियों या किसी रचनात्मक काम के जरिए उन्हें मेहनत का मूल्य समझाया जा सकता है। इससे बच्चे कमाई और परिश्रम के बीच संबंध को बेहतर तरीके से समझते हैं।

बच्चों को यह आदत सिखाई जा सकती है कि पैसे मिलने पर उसका कुछ हिस्सा पहले बचत के लिए अलग रखें और बाकी जरूरत के अनुसार खर्च करें। रकम छोटी हो या बड़ी, नियमित बचत की आदत भविष्य में आर्थिक अनुशासन विकसित करने में मदद कर सकती है। किसी वस्तु की कीमत केवल उसकी दुकान पर लिखी रकम नहीं होती। उसके पीछे कमाई के लिए किया गया समय और परिश्रम भी जुड़ा होता है। बच्चों को खरीदारी से पहले जरूरत, कीमत और उपयोगिता पर विचार करने की आदत डालनी चाहिए। बच्चों को समझाएं कि उधार लिया गया पैसा वापस

### मेहनत से कमाई, बचत और खर्च का महत्व समझाना जरूरी

### कर्ज की लागत और बचत का लक्ष्य बताकर बनाएं जिम्मेदार

करना पड़ता है और कई मामलों में ब्याज भी देना होता है। इसलिए कर्ज लेने से पहले जरूरत, अवधि और कुल भुगतान को समझना जरूरी है। बच्चों को किसी किताब, साइकिल या पसंदीदा वस्तु के लिए खुद बचत करने का लक्ष्य दिया जा सकता है। इससे उन्हें इंतजार, योजना और नियमित बचत का महत्व समझने में मदद मिलेगी।

## सम्पादकीय

# चालान कटते रहे व्यवस्था सोती रही बसें धधकती रहीं

नोएडा में स्लीपर बस में नौ यात्रियों की मौत ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश की सड़क सुरक्षा व्यवस्था के सामने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। सवाल केवल यह नहीं कि बस में आग कैसे लगी। सवाल यह है कि जिस बस के खिलाफ पहले से 19 चालान हो चुके थे, जिस पर 1.75 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना बकाया था, वह आखिर यात्रियों को लेकर सड़क पर दौड़ती कैसे रही?



पवन गौतम
संपादक

कानून का मकसद चालान काटकर सरकारी रजिस्टर मोटा करना नहीं, बल्कि सड़क पर खतरा बनने वाले वाहनों को रोकना है। अगर किसी बस पर बार-बार कार्रवाई के बावजूद वह यात्रियों से भरी दौड़ती रहे और अंततः नौ जिंदगियां आग में खत्म हो जाएं, तो व्यवस्था को अपने काम करने के तरीके पर गंभीरता से विचार करना होगा। खासकर तब, जब सामने यह भी आया है कि बस में निर्धारित सीमा से अधिक ऊंचाई और दूसरे नियमों से जुड़े उल्लंघन दर्ज थे।

सबसे विचलित करने वाली बात यात्रियों के आरोप हैं कि आग लगने के बाद भी बस तुरंत नहीं रोकी गई। यदि जांच में यह आरोप सही साबित होते हैं तो यह केवल चालक की लापरवाही का मामला नहीं रहेगा, बल्कि यात्री सुरक्षा के प्रति बेहद गंभीर गैरजिम्मेदारी का प्रश्न बनेगा। पुलिस ने चालक और परिचालक को हिरासत में लिया है। अब जांच इतनी ही नहीं होनी चाहिए कि आग किस तकनीकी खराबी से लगी। यह भी पता चलना चाहिए कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी किस स्तर पर हुई और पहले के चालानों के बाद प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हुई। उत्तर प्रदेश में लंबी दूरी की निजी बसें बड़ी संख्या में चलती हैं। रात की यात्राओं में यात्री चालक, वाहन और परमिट व्यवस्था पर भरोसा करके अपनी जिंदगी सौंपते हैं। उस भरोसे के बदले उन्हें केवल टिकट नहीं, सुरक्षित यात्रा मिलनी चाहिए। सरकार ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता की घोषणा की है। यह जरूरी राहत है, लेकिन मुआवजा किसी परिवार को उसका अपना नहीं लौटा सकता। असली श्रद्धांजलि तभी होगी, जब इस हादसे से सबक लेकर परिवहन विभाग प्रदेशभर में स्लीपर और एसी बसों की सघन जांच कराए। हर बस का परमिट, फिटनेस, अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन निकास, चालक की क्षमता और पुराने चालानों का रिकॉर्ड खंगाला जाना चाहिए। गंभीर उल्लंघन वाली बसों को सड़क से तत्काल हटाना होगा। चालान चेतावनी है, लाइसेंस नहीं। यदि चेतावनी के बाद भी बसें चलती रहेंगी, तो अगला हादसा केवल हादसा नहीं, व्यवस्था की विफलता कहलाएगा।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

## नजरिया

# सौ फीसदी टैरिफ से भारत को कितना झटका लगेगा

उमेश चतुर्वेदी



अमेरिका की ओर से भारत पर यदि सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने की स्थिति बनती है तो इसका असर केवल भारत-अमेरिका व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा। यह दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों के साथ-साथ वैश्विक व्यापार व्यवस्था और भारत की रणनीतिक स्वायत्तता के लिए भी एक महत्वपूर्ण मोड़ होगा। रूस और ईरान से भारत की तेल खरीद को केवल किसी युद्ध में पक्ष लेने के चश्मे से देखना उचित नहीं होगा। भारत की प्राथमिक चिंता अपनी विशाल आबादी के लिए ऊर्जा की उपलब्धता और उसकी कीमत को नियंत्रित रखना है। ऊर्जा सुरक्षा किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की बुनियादी जरूरत होती है और भारत इसी जरूरत के आधार पर अपने विकल्प खुले रखना चाहता है।

अमेरिकी संसद में रूस और ईरान से जुड़े प्रतिबंधों को कड़ा करने की कोशिशों के बीच भारत के सामने चुनौती जरूर बढ़ी है। अमेरिका का आर्थिक प्रभाव व्यापक है और डॉलर की वैश्विक भूमिका के कारण उसके फैसलों का असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है। ऐसे में भारत के लिए अमेरिकी दबाव को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। लेकिन इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि किसी देश की विदेश और व्यापार नीति केवल दबाव के आधार पर तय नहीं हो सकती। भारत सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। इसका संकेत यही है कि नई दिल्ली अपने आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए फैसले लेने के पक्ष में है।

भारत-अमेरिका व्यापार में टैरिफ का सवाल नया नहीं है। अमेरिकी प्रशासन पहले भी भारतीय वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाने का रास्ता अपना चुका है। ऐसे कदमों का सीधा असर यह होता है कि भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाते हैं। इसके परिणामस्वरूप उनकी मांग प्रभावित हो सकती है और निर्यातकों पर दबाव बढ़ सकता है। फार्मास्युटिकल क्षेत्र जैसे कुछ क्षेत्रों को अलग रखने की अमेरिकी मजबूरी यह भी बताती है कि टैरिफ का इस्तेमाल जितना आसान दिखाई देता है, उसका आर्थिक असर उतना एकतरफा नहीं होता। जिस बाजार में विदेशी उत्पाद महंगे होते हैं, वहां उपभोक्ता, आयातक और उद्योग भी प्रभावित होते हैं।

यही बात संभावित सौ प्रतिशत टैरिफ पर भी लागू होगी। भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग सामान और अन्य औद्योगिक उत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि इन पर अत्यधिक शुल्क लगता है तो अमेरिकी बाजार में इनकी कीमत बढ़ सकती है। भारतीय कंपनियों के सामने प्रतिस्पर्धा बनाए रखने की चुनौती आएगी। छोटे और मध्यम निर्यातकों पर इसका दबाव अपेक्षाकृत अधिक पड़ सकता है। रोजगार और उत्पादन पर भी इसका असर पड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। टैरिफ का भुगतान केवल निर्यातक देश नहीं करता। आयातक और अंततः उपभोक्ता भी बढ़ी हुई कीमतों का सामना करते हैं। इसलिए अमेरिका यदि भारतीय वस्तुओं पर बहुत ऊंचा शुल्क लगाता है तो अमेरिकी कंपनियों और उपभोक्ताओं के लिए भी लागत बढ़ सकती है। यही कारण है कि व्यापार युद्ध में किसी एक पक्ष को स्थायी विजेता मानना कठिन होता है। दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच जितना बड़ा व्यापारिक संबंध हो, उतना ही अधिक असर दोनों तरफ महसूस किया जाता है। भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण सवाल ऊर्जा का है। रूस से तेल खरीदने का प्रमुख आधार किफायती ऊर्जा हासिल करना है। यदि सस्ती कीमत पर तेल उपलब्ध होता है तो इससे भारत के आयात बिल, परिवहन लागत और व्यापक अर्थव्यवस्था पर दबाव कम रखने में मदद मिल सकती है। भारत जैसे देश के लिए, जहां ऊर्जा की मांग लगातार बढ़ रही है, यह विषय रणनीतिक महत्व रखता है। इसलिए तेल खरीद के फैसले को केवल भू-राजनीतिक निष्ठा के रूप में देखना वास्तविक आर्थिक परिस्थितियों को नजरअंदाज करना होगा।

चीन का उदाहरण भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। वह भी रूस और ईरान से ऊर्जा खरीदता रहा है। भौगोलिक स्थिति के कारण चीन को कुछ अतिरिक्त सुविधाएं प्राप्त हैं, विशेषकर रूस से ऊर्जा आपूर्ति के मामले में। इसके बावजूद चीन ने अपने ऊर्जा हितों को पूरी तरह अलग नहीं किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच भी अपने लिए ऊर्जा के विविध स्रोत बनाए रखने का प्रयास करती हैं। अब सवाल यह है कि यदि अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों के लिए परिस्थितियां कठिन होती हैं तो भारत के पास विकल्प क्या हैं? इसका एक जवाब बाजारों का विविधीकरण है। भारत पहले से ही कई देशों और क्षेत्रीय समूहों के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत कर रहा है। ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ओमान, न्यूजीलैंड और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ जैसे साझेदारों के साथ व्यापार समझौतों ने भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर खोले हैं। यूरोपीय संघ के साथ व्यापार संबंधों में विस्तार की दिशा भी भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

इसका मतलब यह नहीं कि अमेरिकी बाजार का महत्व कम हो गया है। अमेरिका भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है और वहां भारतीय कंपनियों की मजबूत मौजूदगी है। इसलिए सौ प्रतिशत टैरिफ जैसी स्थिति को हल्के में नहीं लिया जा सकता। व्यापार समझौते को लेकर चल रही बातचीत भी इससे प्रभावित हो सकती है। लेकिन किसी एक बाजार पर अत्यधिक निर्भरता कम करना लंबे समय में भारत के हित में हो सकता है। नए बाजारों की तलाश और घरेलू उत्पादन क्षमता बढ़ाना इसी रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। भारत को इस पूरे घटनाक्रम में भावनात्मक प्रतिक्रिया के बजाय आर्थिक गणित से काम लेना होगा। अमेरिका के साथ संवाद जारी रखना, व्यापार समझौते की संभावनाओं को बचाए रखना, निर्यातकों के लिए वैकल्पिक बाजार तैयार करना और ऊर्जा के विविध स्रोत बनाए रखना-इन सभी मोर्चों पर एक साथ काम करना जरूरी है।

सौ प्रतिशत टैरिफ की स्थिति निश्चित रूप से भारतीय निर्यात के लिए चुनौतीपूर्ण होगी, लेकिन चुनौती का अर्थ विकल्पों का समाप्त हो जाना नहीं है। वैश्विक व्यापार व्यवस्था लगातार बदल रही है। ऐसे समय में भारत के लिए सबसे बड़ा अवसर यही है कि वह अपने बाजारों, आपूर्ति शृंखलाओं और व्यापारिक साझेदारियों का विस्तार करे। अमेरिकी बाजार महत्वपूर्ण है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा किसी एक देश के फैसले से तय नहीं होनी चाहिए। आर्थिक आत्मविश्वास का वास्तविक अर्थ यही है कि दबाव के समय भी विकल्प खुले रहें और राष्ट्रीय हितों के अनुरूप निर्णय लेने की क्षमता बनी रहे।

## विचार विंडो

# सेहत के नाम पर थाली में घुस रहे नए खलनायक

सोनाली आचार्जी

हमारी रसोई बदल रही है और इसके साथ हमारी खाने की आदतें भी। कभी सेहत के लिए सबसे बड़ी चिंता मैदा, ज्यादा चीनी और ट्रांस फैट को माना जाता था। अब इनके साथ कई ऐसे नाम हमारी थाली में शामिल हो चुके हैं, जिन्हें देखकर आम उपभोक्ता अक्सर उलझ जाता है। माल्टोडेक्सट्रिन, ग्लूकोज-फ्रुक्टोज सिरप, सुक्रालोज, कार्बोक्सीमिथाइलसेल्युलोज, मॉडिफाइड स्टार्च, पॉलीसॉर्बेट-80 और अलग-अलग तरह के स्वीटनर तथा इमल्सीफायर अब पैकेटबंद खाद्य पदार्थों के लेबल पर आम दिखाई देते हैं।

विडंबना यह है कि इन उत्पादों की बिक्री अक्सर सेहत के नाम पर होती है। पैकेट पर 'मल्टीग्रेन', 'प्रोटीन', 'नो ऐडेड शुगर', 'बेक्ड' या 'जीरो शुगर' जैसे शब्द उपभोक्ता को आकर्षित करते हैं। लेकिन पैकेट पलटकर सामग्री की सूची पढ़ने पर तस्वीर कहीं अधिक जटिल दिखाई देती है। यानी सामने से स्वास्थ्य का संदेश और पीछे ऐसे घटकों की लंबी सूची, जिनके बारे में सामान्य उपभोक्ता को पर्याप्त जानकारी ही नहीं होती।

यहीं से असली समस्या शुरू होती है। किसी खाद्य पदार्थ में कोई एडिटिव मौजूद होना अपने आप यह साबित नहीं करता कि वह उत्पाद असुरक्षित है। कई खाद्य योजक निर्धारित मात्रा में इस्तेमाल के लिए नियामकीय मंजूरी प्राप्त करते हैं। लेकिन किसी एडिटिव को मंजूरी मिलना और उस एडिटिव वाले पूरे खाद्य उत्पाद का पौष्टिक या स्वास्थ्यवर्धक होना दो अलग बातें हैं। उपभोक्ता को इन दोनों के बीच का फर्क समझना होगा।



मसलन, माल्टोडेक्सट्रिन स्टार्च से तैयार किया जाता है और इसका इस्तेमाल स्वाद, बनावट तथा मात्रा बढ़ाने के लिए किया जाता है। कुछ अध्ययनों में इसके सेवन के बाद रक्त शर्करा और इंसुलिन में वृद्धि देखी गई है। इसी तरह कुछ कृत्रिम स्वीटनर पर भी शोध जारी है। सुक्रालोज को लेकर छोटे अध्ययनों में आंतों के सूक्ष्मजीवों और ग्लूकोज चयापचय पर संभावित प्रभावों के संकेत मिले हैं। हालांकि ऐसे अध्ययनों के आधार पर यह कहना उचित नहीं होगा कि सुक्रालोज सीधे किसी बीमारी का कारण बनता है। शोध की अवधि, प्रतिभागियों की संख्या और परिणामों की सीमाओं को भी ध्यान में रखना जरूरी है।

यही सावधानी एरिथ्रिटॉल जैसे स्वीटनर के मामले में भी जरूरी है। कुछ शोधों में रक्त के थक्के बनने से जुड़े संकेतकों पर प्रभाव की चर्चा हुई है, लेकिन इससे यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि इसका सेवन सीधे हृदयाघात या मस्तिष्काघात का कारण बनता है। विज्ञान में किसी एक अध्ययन को अंतिम सत्य मान लेना उतना ही खतरनाक है, जितना किसी संभावित खतरे को पूरी तरह नजरअंदाज कर देना।

सबसे बड़ा सवाल दरअसल एक अकेले एडिटिव का नहीं, बल्कि पूरे खानपान के बदलते स्वरूप का है। आज एक व्यक्ति सुबह पैकेटबंद नाश्ता, दोपहर में तैयार सूप या सॉस, शाम को प्रोटीन बार और रात में कोई अन्य पैकेटबंद भोजन ले सकता है। हर उत्पाद में अलग-अलग मात्रा में अलग-अलग योजक मौजूद हो सकते हैं। ऐसे में शरीर पर इनके संयुक्त और लंबे समय के प्रभाव को समझना ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है।

इसी कारण पोषण विशेषज्ञ अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की कुल मात्रा कम करने की सलाह देते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी संतुलित, विविध और कम प्रसंस्कृत भोजन को स्वस्थ खानपान की आधारशिला मानता है। इसका अर्थ यह नहीं कि हर पैकेटबंद खाद्य पदार्थ जहरीला है या हर एडिटिव खतरनाक है। सवाल मात्रा, नियमितता, उत्पाद की पूरी संरचना और व्यक्ति की अपनी स्वास्थ्य जरूरतों का है।

प्रोटीन उत्पादों के साथ भी यही कहानी है। प्रोटीन आइसोलेट या कंसंट्रेट अपने आप में खराब नहीं हैं। जरूरत के मुताबिक इनका इस्तेमाल उपयोगी हो सकता है। लेकिन 'प्रोटीन' लिखे होने से कोई उत्पाद स्वतः स्वास्थ्यवर्धक नहीं हो जाता। उसमें सोडियम, संतृप्त वसा, स्वीटनर, परिष्कृत सामग्री या कई अन्य योजक भी हो सकते हैं।

फॉस्फेट योजकों का उदाहरण भी महत्वपूर्ण है। सामान्य स्वस्थ व्यक्ति के लिए हर फॉस्फेट युक्त खाद्य पदार्थ को खतरे के रूप में देखना सही नहीं होगा, लेकिन कमजोर किडनी वाले लोगों में फॉस्फोरस का संतुलन महत्वपूर्ण होता है। ऐसे लोगों के लिए खाद्य लेबल पढ़ना और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार आहार चुनना अधिक जरूरी है।

दरअसल आधुनिक खाद्य बाजार ने हमें एक नया सबक दिया है-पैकेट का अगला हिस्सा विज्ञापन है, जबकि असली कहानी अक्सर पीछे लिखी होती है। आकर्षक तस्वीरें, बड़े-बड़े दावे और स्वास्थ्य से जुड़े शब्द हमारा ध्यान खींचते हैं, लेकिन सामग्री सूची हमें वास्तविक जानकारी देती है। इसलिए, उपभोक्ता को डरने की नहीं, जागरूक होने की जरूरत है। रोजमर्रा के भोजन में ताजे फल, सब्जियां, दालें, साबुत अनाज, दूध या अन्य कम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी बढ़ाना ज्यादा व्यावहारिक रास्ता है। पैकेटबंद वस्तु खरीदते समय केवल यह देखना पर्याप्त नहीं कि उस पर 'हेल्दी' लिखा है या नहीं। सामग्री, चीनी, नमक, वसा और परोसने की मात्रा भी देखनी चाहिए।

सेहत के नए खलनायक शायद किसी एक पैकेट में छिपे नहीं हैं। असली खतरा उस आदत में है, जिसमें सुविधा के लिए हम लगातार ऐसे भोजन पर निर्भर होते जाएं, जिसकी पूरी संरचना हमें पता ही न हो। थाली को सुरक्षित रखने का सबसे सरल रास्ता यही है-लेबल पढ़िए, दावों पर नहीं, सामग्री पर भरोसा कीजिए और भोजन में प्रकृति की हिस्सेदारी बढ़ाइए।

### कोहली 15 हजार तो रोहित 12 हजार वनडे रन से कुछ ही कदम दूर

# विराट–रोहित के निशाने पर बड़े रिकॉर्ड वेस्टइंडीज सीरीज में बनेगा इतिहास

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज 27 सितंबर से होने जा रहा है। इस सीरीज में भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा पर खास नजर रहेगी।


दोनों दिग्गज बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में बड़े रिकॉर्ड के बेहद करीब हैं और उनके पास आगामी सीरीज के दौरान अपने नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज कराने का मौका होगा। विराट कोहली वनडे इंटरनेशनल में 15 हजार रन पूरे करने से महज 59 रन दूर हैं।





कोहली ने अब तक 314 वनडे मैचों में 14,941 रन बनाए हैं। अगर वह वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 59 रन और बना लेते हैं, तो वह वनडे क्रिकेट में 15 हजार रन पूरे करने वाले दुनिया के सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बन जाएंगे। इस खास क्लब में उनसे पहले भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर शामिल हैं। सचिन ने 463 वनडे मैचों में कुल 18,426 रन बनाए हैं। ऐसे में कोहली के पास एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम करने का मौका होगा। वहीं, रोहित शर्मा भी एक बड़े आंकड़े से सिर्फ 105 रन दूर हैं। रोहित ने अब तक 288 वनडे मैचों में 11,895 रन बनाए हैं। यदि वह सीरीज में 105 रन और जोड़ लेते हैं, तो उनके नाम वनडे क्रिकेट में 12 हजार रन पूरे हो जाएंगे। ऐसा करने वाले वह दुनिया के सातवें बल्लेबाज बन सकते हैं। वनडे इतिहास में अब तक छह बल्लेबाज इस आंकड़े को पार कर चुके हैं।

खास बात यह है कि रोहित और विराट दोनों अब मुख्य रूप से वनडे क्रिकेट में ही खेलते नजर आते हैं, ऐसे में उनकी वापसी को लेकर क्रिकेट प्रशंसकों में खास उत्साह है। दोनों बल्लेबाजों के पास सीरीज के शुरुआती मुकाबले से ही इन बड़े रिकॉर्ड्स की ओर बढ़ने का मौका रहेगा। हालांकि, रिकॉर्ड हासिल करने के लिए उन्हें अपने प्रदर्शन के दम पर जरूरी रन बनाने होंगे।

# गोविंदा की चर्चाओं से अनुपम खेर हुए परेशान







**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने हाल ही में गोविंदा और अक्षय खन्ना को लेकर खुलकर बात की। फरीदून शहरयार के साथ बातचीत में उन्होंने गोविंदा को अपने पसंदीदा कलाकारों में बताया। अनुपम ने कहा कि उन्होंने गोविंदा के साथ करीब 10–12 फिल्मों में काम किया है और उनकी एक्टिंग, डांस और खासतौर पर इम्प्रोवाइजेशन की क्षमता की बराबरी करना आसान नहीं है। गोविंदा की निजी जिंदगी को लेकर चल रही चर्चाओं पर अनुपम ने कहा कि वह किसी के निजी मामले पर फैसला सुनाने वाले नहीं हैं। उनके मुताबिक किसी कलाकार की निजी जिंदगी या आदतें उसके काम पर हावी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि कलाकार की असली पहचान उसका काम होता है।

## अभिनेता ने गोविंदा के काम की तारीफ की

अनुपम ने बताया कि उन्होंने गोविंदा को फोन भी किया था और उनसे सिर्फ इतना कहना चाहते थे कि मुश्किल वक्त हमेशा नहीं रहता। उन्होंने उम्मीद जताई कि गोविंदा ने अभी हार नहीं मानी है और वह मजबूती से वापसी कर सकते हैं। वहीं, अक्षय खन्ना के मीडिया से दूरी बनाए रखने पर अनुपम ने इसे उनकी मार्केटिंग रणनीति बताया। उन्होंने अक्षय को शानदार अभिनेता बताते हुए 'धुरंधर' में उनकी परफॉर्मेंस की तारीफ की। अनुपम के अनुसार हर कलाकार के खुद को प्रमोट करने का तरीका अलग होता है और अक्षय का लाइमलाइट से दूर रहना भी उसी रणनीति का हिस्सा हो सकता है।

# समय रैना की कार से निकलीं मेधा शंकर





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** समय रैना और मेधा शंकर की कथित डेटिंग की खबरें एक बार फिर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में मेधा शंकर को मुंबई के जुहू इलाके में समय रैना की ब्लैक टोयोटा वेलफायर से बाहर निकलते देखा गया। बताया जा रहा है कि कार से उतरते समय उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि आसपास पैपराजी मौजूद हैं। जैसे ही उनकी नजर कैमरों पर पड़ी, उनके चेहरे पर अचानक हैरानी के भाव नजर आए। इसके बाद उन्होंने कैमरे के सामने रुककर पोज देने के बजाय वहां से निकलने की कोशिश की। उनका यह रिएक्शन अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। समय रैना और मेधा शंकर के रिश्ते को लेकर लंबे समय से कयास लगाए जाते रहे हैं। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है और सोशल

## कैमरे पर नजर पड़ते ही बदला एक्ट्रेस का अंदाज

मीडिया पर उनकी बॉन्डिंग भी चर्चा में रही है। मेधा '12वीं फेल' जैसी फिल्म में काम कर चुकी हैं, जबकि समय रैना कॉमेडी और डिजिटल कंटेंट के लिए जाने जाते हैं। मेधा उनके शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में भी नजर आई थीं, जहां समय ने उन्हें अपनी करीबी दोस्त बताया था।

दोनों की शादी को लेकर भी सोशल मीडिया पर दावे सामने आ चुके हैं। दिसंबर 2026 में शादी की अफवाह पर समय ने मजाकिया अंदाज में प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि उस दौरान उनका इंडिया टूर है। मेधा ने भी इस पर मीम शेयर किया था। हालांकि, दोनों ने अब तक अपने रिश्ते या शादी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

# शूटिंग में नरुका–परिनाज की जोड़ी ने जीता ब्रॉन्ज

## भारत के 15 पदक हुए

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रतियोगिता के पांचवें दिन भारतीय खिलाड़ियों ने रोइंग, वुशू और शूटिंग में पदक जीतकर देश की पदक तालिका में इजाफा किया। पुरुषों की डबल स्कल्स रोइंग स्पर्धा में सतनाम सिंह और सलमान खान की जोड़ी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने 6 मिनट 13.25 सेकंड का समय निकालकर रेस पूरी की। इस स्पर्धा में चीन ने स्वर्ण और उज्बेकिस्तान ने रजत पदक जीता। वहीं, महिलाओं की 60




किलोग्राम वुशू सांडा स्पर्धा में रोशिबिना देवी ने रजत पदक हासिल किया। फाइनल मुकाबले में उनका सामना चीन की झांग शियाओयू से हुआ, जहां भारतीय खिलाड़ी को 0–2 से हार का सामना करना पड़ा। शूटिंग में भी भारत को एक और कांस्य पदक मिला। स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में अनंतजीत सिंह नरुका और परिनाज धालीवाल की जोड़ी ने तीसरा स्थान हासिल किया। इन पदकों के साथ एशियन गेम्स 2026 में भारत के कुल पदकों की संख्या 15 हो गई है, जिसमें एक स्वर्ण, छह रजत और आठ कांस्य पदक शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से पदक तालिका में देश की स्थिति मजबूत हुई है। अब भारतीय दल की नजरें आगामी मुकाबलों पर हैं। हॉकी में भी भारत का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होना है, जहां टीम से एक और शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

# रजनीकांत के लिए धनुष ने बदली रिलीज डेट





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** धनुष ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओम' की रिलीज डेट आगे बढ़ाने का फैसला किया है। फिल्म पहले 15 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन अब धनुष ने रजनीकांत की 'जेलर 2' और सूर्या की फिल्म से रिलीज टकराव से बचने के लिए यह कदम उठाया है। धनुष ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि रजनीकांत की 'जेलर 2' 25 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है, जो उनकी फिल्म 'ओम' की तय रिलीज के ठीक एक दिन बाद है। उन्होंने रजनीकांत के प्रति सम्मान और प्यार को देखते हुए अपनी फिल्म की रिलीज आगे बढ़ाने की बात कही। धनुष ने यह भी साफ किया कि उनकी फिल्म इस साल दिवाली पर भी रिलीज नहीं होगी, क्योंकि सूर्या की अपकमिंग फिल्म के लिए दिवाली रिलीज की तारीख पहले ही घोषित की

## जेलर–2 से नहीं टकराएगी 'ओम

जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बड़ी फिल्मों के बीच आपसी समझ जरूरी है और इंडस्ट्री के लोगों को एक–दूसरे के फैसलों का सम्मान करना चाहिए। धनुष ने बताया कि 'ओम' की नई रिलीज डेट जल्द घोषित की जाएगी। फिल्म में धनुष के साथ दिग्गज अभिनेता ममूटी भी नजर आएंगे। दोनों कलाकार हाल ही में नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतने को लेकर चर्चा में रहे हैं। धनुष को 'रायन' के लिए बेस्ट तमिल फिल्म और 'कैप्टन मिलर' में अभिनय के लिए स्पेशल मेंशन सम्मान मिला, जबकि ममूटी को 'ब्रमायुगम' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया। अब दर्शकों को 'ओम' की नई रिलीज डेट का इंतजार है।

# धुरंधर' का कैफे बना लेह का सेल्फी प्वाइंट



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' में नजर आया लेह का एक कैफे अब फिल्म प्रेमियों के लिए खास आकर्षण बन गया है। लेह मार्केट के मॉल रोड पर स्थित यह जगह फिल्म में 'वाश्मा बट' नाम की चाय और बिरयानी की दुकान के तौर पर दिखाई गई थी। फिल्म में रणवीर सिंह का किरदार हमजा और गौरव गेरा का किरदार आलम इसी लोकेशन पर कई अहम बातचीत करते नजर आए थे। फिल्म रिलीज होने के बाद यह जगह सोशल मीडिया पर चर्चा में आई और अब लोग इसे 'धुरंधर कैफे' के नाम से जानने लगे हैं। फिल्म की शूटिंग से पहले इसका नाम एसएच खान रेस्टोरेंट था, लेकिन फिल्म की लोकप्रियता के बाद मालिक ने स्क्रीन पर दिखाए गए लुक को काफी हद तक बरकरार रखा है। कैफे के अंदर हरी दीवारों के साथ फिल्म से जुड़े पोस्टर और तस्वीरें लगाई गई हैं, जिससे यहां पहुंचने वाले लोगों को फिल्म वाले माहौल का अनुभव मिलता है। अब पर्यटक

## 50 रुपये में मिल रहा हमजा–आलम वाला फील

यहां सिर्फ खाना खाने नहीं, बल्कि फिल्म के सीन को अपने अंदाज में दोहराने और सोशल मीडिया के लिए फोटो–वीडियो बनाने भी पहुंच रहे हैं। कैफे के मेन्यू में 'धुरंधर चाय', नमकीन चाय, कश्मीरी कहवा और लेमन–जिंजर टी के अलावा पराठे, ऑमलेट, मैगी, थाली और राजमा–चावल जैसे विकल्प मिलते हैं।

खास बात यह है कि केवल फोटो खिंचवाने वालों के लिए खाना ऑर्डर करना जरूरी नहीं है। कथित तौर पर 50 रुपये शुल्क देकर कैफे में फोटो खिंचवाई जा सकती है।


यहां हमजा और आलम के किरदारों से प्रेरित कॉस्ट्यूम और विग भी रखे गए हैं, जिन्हें पहनकर लोग रणवीर सिंह वाले अंदाज में तस्वीरें और रील बना रहे हैं। फिल्म की लोकेशन से जुड़ी यह जगह अब लेह घूमने वाले सिनेमा प्रेमियों के लिए एक खास सेल्फी प्वाइंट बन चुकी है।

### नोएडा में मौत बनकर दौड़ी आग लगी स्लीपर बस

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर धधकती बस में जिंदा जल गए नौ यात्री







**यूनिक समय, नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर बुधवार रात जेवर एयरपोर्ट के पास स्लीपर एसी बस में भीषण आग लगने से नौ यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों में आठ पुरुष और एक महिला शामिल हैं। हादसे के समय बस में करीब 35 यात्री सवार थे। 20 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जबकि कुछ यात्रियों ने खिड़कियां तोड़कर जान बचाई।

बस दिल्ली के कश्मीरी गेट से महोबा जा रही थी। रात करीब 11:30 बजे किलोमीटर 33 के पास आग लगी। प्रारंभिक जांच में एसी में स्पार्क या तकनीकी खराबी के कारण आग लगने की आशंका जताई गई है।

## आग लगने के बाद बस रोकने में देरी का आरोप

## 19 चालान, एक लाख 75 हजार जुर्माना भी लंबित

आग इतनी तेजी से फैली कि यात्रियों को संभलने का मौका नहीं मिला। दमकल की पांच गाड़ियों ने करीब 45 मिनट में आग पर काबू पाया। इसके बाद बस का पिछला हिस्सा काटकर शव बाहर निकाले गए।

एक यात्री ने जेवर थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया कि आग लगने से पहले बस में जलने की गंध आ रही थी। यात्रियों ने चालक और परिचालक को इसकी जानकारी दी, लेकिन बस तुरंत नहीं रोकी गई। हालांकि इन आरोपों की पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार बस के खिलाफ पहले से 19 चालान हैं और 1.75 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लंबित है।

इनमें बिना लाइसेंस-परमिट और क्षमता से संबंधित उल्लंघन के मामले भी शामिल हैं। पुलिस ने चालक पवन और परिचालक योगेश को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को सहायता राशि देने की घोषणा की है।

### बस के खिलाफ किए जा चुके हैं 19 चालान

हादसे का शिकार हुई बस के खिलाफ पहले से यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार बस के 19 चालान किए जा चुके थे और इन पर कुल एक लाख 75 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया था। बताया गया कि जुर्माने की राशि अब तक जमा नहीं की गई थी। बस का पहला चालान वर्ष 2024 में हुआ था। जांच में यात्रियों को बैठाने के साथ माल ले जाने, बिना लाइसेंस और परमिट सहित अन्य नियमों के उल्लंघन की जानकारी सामने आई है। हादसे के बाद परिवहन विभाग भी बस से जुड़े दस्तावेजों और फिटनेस की जांच कर रहा है।

### खिड़कियां तोड़कर यात्रियों ने बचाई जान

बस में आग लगने के बाद देखते ही देखते धुआं भर गया। हादसे के समय अधिकांश यात्री सो रहे थे। आग की जानकारी मिलते ही बस में चीख-पुकार मच गई और यात्री बाहर निकलने के लिए एक-दूसरे को धक्का देने लगे। मुख्य रास्ते से बाहर निकलना मुश्किल होने पर कई यात्रियों ने खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए और उनसे कूदकर जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ यात्री समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि कई लोग धुएं और आग की लपटों के बीच बस में फंस गए। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के बाद बस का पिछला हिस्सा काटकर अंदर फंसे यात्रियों के शव बाहर निकाले।

# धुएं में घुटती सांसें, भागते यात्रियों ने बचाई जान

## बस में सो रहे यात्रियों में मची अफरातफरी खिड़कियां तोड़कर निकले कई लोग

## पति को तलाशती रही रेखा, नौ मृतकों में शामिल होने की आशंका




**यूनिक समय, नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस में आग लगने के दौरान यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में नौ लोगों की मौत हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के समय अधिकांश यात्री सो रहे थे। अचानक धुआं भरने पर लोग घबराकर बाहर निकलने लगे। कई यात्रियों ने खिड़कियां तोड़कर जान बचाई।

हादसे में घायल रेखा ने बताया कि वह पति के साथ दिल्ली से महोबा जा रही थीं। पति के पैर में फ्रैक्चर होने के कारण वह बस से बाहर नहीं निकल सके। रेखा भागते समय गिर गईं और लोगों की भीड़ में दब गईं। बाद में पुलिस ने उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पति की तलाश में वह लोगों से गुहार लगाती रहीं। बाद में पति के नौ मृतकों में शामिल होने की आशंका जताई गई। यात्री रिंकी राजपूत ने बताया कि वह सो रही थीं। किसी ने जगाकर आग की सूचना दी। धुएं और भगदड़ के बीच वह जूते तक नहीं पहन सकीं और फोन लेकर बाहर निकल गईं। एडीएम अजीत कुमार सिंह के अनुसार बस में करीब 35 यात्री थे। प्रथमदृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। पुलिस ने बस जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

# अघोरी बनकर कारोबारी को बातों में उलझाया, सोना उड़ाया

## भभूत लगाकर भविष्य बताने का दावा, 10 ग्राम सोना लेकर फरार

## सीसीटीवी में पूरी वारदात कैद, पुलिस पहचान में जुटी



**यूनिक समय, झांसी।** मऊरानीपुर के सर्राफा बाजार में अघोरी के भेष में आए एक व्यक्ति ने कारोबारी से करीब 1.67 लाख रुपये की ठगी कर ली। गांधीगंज निवासी संतोष रायकवार की एएमजे ज्वैलर्स पर बुधवार दोपहर आरोपी पहुंचा। गले में फूलों की माला, माथे पर काला टीका और शरीर पर राख लगाए व्यक्ति ने कारोबारी से पायल दिखाने को कहा। इसके बाद वह परिवार और भविष्य से जुड़ी बातें बताकर कारोबारी को विश्वास में लेने लगा। उसने कारोबारी के माथे पर भभूत लगाई और मंत्र पढ़ने का नाटक किया। इसी दौरान कारोबारी ने उसे 10 ग्राम सोना और 50 हजार रुपये दिए। आरोपी ने गड्डी में से 17 हजार रुपये निकाल लिए और बाकी रकम लौटा दी। इसके बाद सोना लेकर चला गया।

पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। कारोबारी ने थाने में शिकायत दी है। सीओ रत्नेश्वर सिंह ने बताया कि सम्मोहन जैसी बात जांच में सामने नहीं आई है। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है।

# ताजमहल में बंदरों का हमला विदेशी पर्यटक घायल

## 83 वर्षीय ब्राजीलियाई पर्यटक के हाथ में बंदर ने काटा

## दो माह में कई हमले पर्यटकों की सुरक्षा पर सवाल



**यूनिक समय, आगरा।** ताजमहल परिसर में बंदरों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बुधवार सुबह ब्राजील के 83 वर्षीय पर्यटक एंथनी पेन पर बंदरों ने हमला कर हाथ में काट लिया। इसी दौरान पश्चिम बंगाल से आए एक अन्य पर्यटक को भी बंदर ने काट लिया। दोनों को ताजमहल की डिस्पेंसरी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार एंथनी पेन सुबह करीब आठ बजे ताजमहल घूमने पहुंचे थे। परिसर में घूमते समय बंदरों ने उन पर हमला कर दिया। पिछले दो महीनों में पर्यटकों पर बंदरों के हमले की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें विदेशी पर्यटक, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

26 जुलाई को दक्षिण कोरिया की पर्यटक, 12 अगस्त को कर्नाटक निवासी और 30 अगस्त को हरियाणा के छह वर्षीय बच्चे को बंदर काट चुका है। तीन सितंबर और 16 सितंबर को भी पर्यटकों पर हमले हुए।

लगातार घटनाओं के बावजूद बंदरों से निपटने की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से पर्यटकों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

# धर्मांतरण के आरोप में चार गिरफ्तार, चंगाई सभा से जुड़े तार

## बर्थडे पार्टी के बहाने लोगों को बुलाने का पुलिस का दावा

## बीमारी ठीक करने और आर्थिक मदद का दिया जाता था लालच



**यूनिक समय, आगरा।** आगरा पुलिस ने धर्मांतरण के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी जन्मदिन की पार्टी के बहाने महिला-पुरुषों को बुलाकर चंगाई सभा से जोड़ते थे। बीमारी ठीक करने, आर्थिक सहायता और अन्य लाभ का लालच देकर लोगों को धार्मिक गतिविधियों में शामिल किया जाता था।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में जयपुर निवासी विनीत वेदी, धौलपुर निवासी बंटू, खेरागढ़ क्षेत्र निवासी मुखराज और सैंया क्षेत्र निवासी प्रताप शामिल हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया समूहों और सिग्नल एप के माध्यम से संपर्क में रहते थे। पुलिस का दावा है कि समूह में 200 से अधिक लोग जुड़े हैं, जिनमें करीब 50 आगरा के हैं।

आरोपियों पर नए लोगों को जोड़ने का लक्ष्य दिए जाने और लक्ष्य पूरा होने पर आर्थिक मदद मिलने की बात भी जांच में सामने आई है। पुलिस के अनुसार गिरोह पहले आर्थिक, पारिवारिक या स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों से संपर्क करता था, फिर उन्हें प्रार्थना और सभाओं के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता था।

# करोड़पति कारोबारी हत्याकांड में बेटा गिरफ्तार

## नौकर के बदले बयान के बाद सुब्रत पर पुलिस कार्रवाई

## पिता की हत्या में सुपारी देने का लगाया गया आरोप



**यूनिक समय, कानपुर।** करोड़पति दवा कारोबारी विनीत मिनोचा हत्याकांड में पुलिस ने उनकी बहू शालू के बाद बेटे सुब्रत को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, हत्यारोपी नौकर विशाल ने पूछताछ में दावा किया कि सुब्रत के कहने पर ही उसने कारोबारी की हत्या की थी। उसने यह भी बताया कि सुब्रत ने उसे छह लाख रुपये देने की बात कही थी और पकड़े जाने पर हत्या का आरोप शालू पर लगाने को कहा था।

पुलिस के अनुसार, पांच सितंबर की रात विनीत मिनोचा की उनके फ्लैट में चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई थी। सीसीटीवी के आधार पर नौकर विशाल और उसके साथी राजकिशोर को पकड़ा गया था। शुरुआती पूछताछ में विशाल ने शालू का नाम लिया था, लेकिन अब उसने अपना बयान बदलते हुए सुब्रत पर आरोप लगाया है।

पूछताछ में सुब्रत ने आरोपों को खारिज किया है। पुलिस के अनुसार, सुब्रत पर करीब 15 लाख रुपये का कर्ज भी है। पुलिस तीनों आरोपियों के बयानों और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच कर रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# माधवी लता की बागलकोट एंट्री पर रोक, प्रशासन ने जारी किया आदेश

### गणपति विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने वाली थी भाजपा नेता

### पुलिस की सिफारिश पर लिया गया फैसला



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कर्नाटक के बागलकोट जिले में तेलंगाना की भाजपा नेता माधवी लता के प्रवेश पर रोक लगाए जाने की खबर सामने आई है। जिले के डिप्टी कमिश्नर संगप्पा ने यह आदेश जारी किया है। माधवी लता को बागलकोट में आयोजित हिंदू महा गणपति विसर्जन कार्यक्रम में वक्ता के तौर पर शामिल होना था, लेकिन कार्यक्रम से पहले ही प्रशासन ने उनके जिले में आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया। बताया गया है कि यह रोक 23 सितंबर 2026 से 23 अक्टूबर 2026 तक प्रभावी रहेगी। पुलिस की ओर से माधवी लता को ईमेल के जरिए आदेश की जानकारी दिए जाने की बात भी कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार, बागलकोट के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ गोयल ने डिप्टी कमिश्नर को पत्र लिखकर माधवी लता के जिले में प्रवेश पर रोक लगाने की सिफारिश की थी। पुलिस ने अपने पत्र में अलग-अलग स्थानों पर उनके कथित विवादित भाषणों और उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर का हवाला दिया। रिपोर्ट में एक पुराने मामले का भी उल्लेख है, जिसमें माधवी लता पर मस्जिद की ओर तीर चलाने की नकल करने का आरोप लगा था। पुलिस का तर्क बताया गया है कि उनके कार्यक्रम में शामिल होने से जिले में शांति और कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी। इसी आधार पर प्रशासन ने प्रवेश प्रतिबंध का आदेश जारी किया। इससे पहले जुलाई 2025 में हैदराबाद में भी माधवी लता को एक पुराने ग्राम देवता मंदिर को कथित तौर पर तोड़े जाने के विरोध में प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए जाने की खबर सामने आई थी।






# दूसरों के लिए मांगा टैब, लवप्रीत के घर खुद पहुंची सरकारी मदद

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हरिद्वार की छात्रा लवप्रीत कौर ने अपनी जरूरत से पहले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की चिंता की। 'मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन' कार्यक्रम के दौरान उसने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने मांग रखी कि जरूरतमंद छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाई के लिए डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए, ताकि आर्थिक परेशानी उनकी शिक्षा में बाधा न बने। लवप्रीत की इस सोच से मुख्यमंत्री प्रभावित हुए और उसके लिए भी डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम के दौरान सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को टैबलेट उपलब्ध कराने की घोषणा भी की थी। योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को टैबलेट की सुविधा डीबीटी यानी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से देने की बात कही गई है। सरकार का उद्देश्य डिजिटल संसाधनों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न होने देना है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से शिक्षा विभाग के अधिकारी लवप्रीत के घर पहुंचे और उसे टैबलेट सौंपा। घर पर अधिकारियों को टैब लेकर पहुंचा देखकर लवप्रीत खुश हो गई। टैब मिलने पर उसने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।

लवप्रीत के लिए यह टैब ऑनलाइन पढ़ाई, डिजिटल पाठ्य सामग्री और शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच का माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि आर्थिक या अन्य कारणों से किसी विद्यार्थी की प्रतिभा और पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने लवप्रीत की संवेदनशील सोच की सराहना करते हुए कहा कि अपनी जरूरत से पहले दूसरे विद्यार्थियों की चिंता करना युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है। राज्य सरकार का कहना है कि डिजिटल शिक्षा के जरिए विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के प्रयास जारी रहेंगे।

# यूएन में जेलेंस्की का पुतिन पर हमला, बोले 'पेशेंट जीरो' हैं



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पुतिन को 'पेशेंट जीरो' बताते हुए आरोप लगाया कि युद्ध की सोच यूक्रेन से आगे दूसरे क्षेत्रों में भी फैल रही है। जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस की कमाई रोकने और उसकी युद्ध क्षमता पर दबाव बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुतिन को जितनी अधिक कार्रवाई की स्वतंत्रता मिलेगी, दुनिया के बाकी लोगों के लिए खतरा उतना ही बढ़ता जाएगा। जेलेंस्की के मुताबिक, जहां भी यह युद्ध फैलता है, वहां दर्द, अस्थिरता, नए जोखिम और संकट पैदा होते हैं। उन्होंने अपने भाषण में रूस पर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में 47 देशों के नागरिकों का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को युद्धबंदियों के तौर पर केवल उत्तर कोरिया ही नहीं, बल्कि घाना, नेपाल, ताजिकिस्तान, भारत, यमन, केन्या, जिम्बाब्वे, क्यूबा, बेलारूस, सूडान और दक्षिण अफ्रीका समेत कई देशों के नागरिक मिले हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ देशों की ओर से अपने नागरिकों को वापस भेजने के अनुरोध भी किए जाते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध के मैदान में रूस के अलावा दूसरे देशों के नागरिकों की भी जान गई है। उन्होंने सभी देशों से रूस पर दबाव बढ़ाने और युद्ध को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाने की अपील की।

# बंगाल में 250 मदरसों पर लगेगा ताला




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल सरकार ने कम छात्र संख्या और पर्याप्त बुनियादी सुविधाओं की कमी वाले 250 सरकारी मान्यता प्राप्त निजी मदरसों को बंद करने की तैयारी की है। राज्य कैबिनेट ने बुधवार को प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। हालांकि, मौजूदा छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए इन मदरसों में दिसंबर तक कक्षाएं चलाने की अनुमति दी जाएगी। एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक, कई संस्थानों में छात्रों की संख्या बेहद कम या लगभग शून्य है, जबकि कुछ जगह जरूरी बुनियादी ढांचा भी उपलब्ध नहीं पाया गया। संबंधित संस्थानों की रिपोर्ट दुर्गा पूजा से पहले आने की उम्मीद है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब सरकार ने हाल ही में 252 अनधिकृत मदरसों को बंद करने का आदेश दिया था। करीब 100 अन्य

### कम छात्र, बदहाल सुविधाएं बनी वजह

मदरसों को कथित अनियमितताओं को लेकर कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं। सर्वे के दौरान कई संस्थानों के पास जरूरी मंजूरी और सुविधाएं नहीं मिली थीं। सरकार के अनुसार राज्य में करीब 2,500 गैर-पंजीकृत मदरसे भी हैं, जिनकी जांच के बाद चरणबद्ध कार्रवाई की जा सकती है। इसी बैठक में कैबिनेट ने सरकारी विभागों में करीब 1.51 लाख भर्तियों को मंजूरी दी। इनमें पश्चिम बंगाल पुलिस के करीब 12 हजार और कोलकाता पुलिस के 4 हजार पद शामिल हैं। वहीं, पूर्व मेदिनीपुर के निमतौरी में नया सुधार गृह बनाने और आश्रम छात्रावासों की सहायता राशि 1,800 से बढ़ाकर 3,300 रुपये करने को भी मंजूरी दी गई।

# टीएमसी के नाम-चिह्न विवाद पर एससी सख्त



### ईसी से पूछा-कब तक होगा फैसला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नाम और चुनाव चिह्न को फ्रीज करने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। अदालत ने चुनाव आयोग से पूछा कि दोनों पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस मामले का निपटारा कितने समय में किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील को आयोग से निर्देश लेकर अगली सुनवाई में जानकारी देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

यह विवाद पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भीतर हुए विभाजन के बाद सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पार्टी के 80 में से 58 विधायकों ने ममता बनर्जी के खिलाफ बगावत की। बागी गुट ने ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में विपक्ष का नेता घोषित किया, जिसे स्पीकर ने भी मान्यता दी। इसके बाद कई सांसदों के भी पार्टी से अलग होने की बात सामने आई।

आगामी उपचुनाव से पहले चुनाव आयोग ने दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न आवंटित किए हैं। ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फुटबॉल खिलाड़ी' चुनाव चिह्न दिया गया है। वहीं ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' चुनाव चिह्न मिला है।

नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 6 अक्टूबर को होना है, जबकि मतगणना 9 अक्टूबर को होगी। नंदीग्राम में ममता बनर्जी के गुट ने कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया है। अब सभी की नजरें सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली अगली सुनवाई पर हैं।

# शी का बड़ा संदेश: दुश्मनी नहीं, साझेदारी से आगे बढ़ें चीन-यूएस



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका पहुंच गए हैं। वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी अहम मुलाकात होने वाली है। अमेरिका पहुंचने के बाद शी जिनपिंग ने चीन और अमेरिका के रिश्तों को लेकर बड़ा संदेश देते हुए कहा कि दोनों देशों को प्रतिद्वंद्वी नहीं, साझेदार बनना चाहिए। उन्होंने भरोसा जताया कि बदलते वैश्विक हालात के बीच चीन और अमेरिका आपसी संबंधों को आगे बढ़ाने का सही रास्ता तलाश सकते हैं।

शी जिनपिंग अपनी पत्नी पेंग लियुआन के साथ अमेरिका पहुंचे, जहां ज्वाइंट बेस एंड्रयूज पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप ने उनका स्वागत किया।

एयरपोर्ट पर अमेरिकी वायुसेना के बैंड ने प्रस्तुति दी और दोनों देशों के झंडे लगाए गए। बताया गया कि 1962 के बाद यह पहली बार है, जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने सैन्य अड्डे पर व्यक्तिगत रूप से किसी विदेशी नेता का स्वागत किया है। चीनी सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, शी ने अपने लिखित संबोधन में कहा कि चीन और अमेरिका दोनों महान देश हैं और दोनों देशों के लोगों के हित गहराई से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों को टकराव और अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के बजाय साझेदारी और सहयोग का रास्ता अपनाना चाहिए। शी ने कहा कि दोनों देश एक-दूसरे की सफलता में योगदान दे सकते हैं और वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने स्थिर संबंधों में सहयोग को मुख्य आधार बनाने, मतभेदों को उचित तरीके से संभालने और शांति के लिए किए गए वादों को निभाने पर जोर दिया। ट्रंप और शी की बातचीत में व्यापार शुल्क, तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सैन्य संबंध, ताइवान, पश्चिम एशिया के संघर्ष, रूस-यूक्रेन युद्ध और अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ जैसे मुद्दे शामिल होने की उम्मीद है। शी ने ट्रंप के साथ चीन-अमेरिका संबंधों और वैश्विक परिस्थितियों पर गहन बातचीत की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के संयुक्त प्रयासों से उनकी यात्रा फलदायी हो सकती है और इससे दोनों देशों के लोगों के हितों के साथ विश्व शांति को भी बढ़ावा मिल सकता है।

# पंचरत्नम महाभिषेक में गिरिराज भक्ति से सराबोर हुआ गोवर्धन


गिरिराज प्रभु का पंचरत्नम अभिषेक करते समिति के संस्थापक मुरारी अग्रवाल, साथ हैं प्रभु की जय-जयकार करते श्रद्धालु।

**यूनिक समय, गोवर्धन।** अनंत चतुर्दशी पर होने वाले छप्पन भोग उत्सव की पूर्व संध्या पर गुरुवार को गोवर्धन की गिरि तलहटी में श्रीगिरिराज महाराज का पंचरत्नम महाभिषेक हुआ। यमुना, गंगा, गोदावरी, ब्रह्मपुत्र, चिनार, कृष्ण और अलकनंदा के जल के साथ दूध, दही, शहद और जड़ी-बूटियों से महाभिषेक किया गया। ग्वाल और सखी स्वरूप में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गिरिराज महाराज की आरती कर जयकारे लगाए।

## सप्त नदियों के जल पंचामृत और जड़ी-बूटियों से अभिषेक

## आज 21 हजार किलो प्रसाद से सजेगा गिरिराज का छप्पन भोग

वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्य कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी और पंडित माखन लाल चतुर्वेदी ने महाभिषेक कराया। समिति के संस्थापक मुरारी अग्रवाल ने पंचामृत पंचरत्नम अभिषेक किया। मुख्य यजमान अशोक कुमार आढ़ती और नीरज गोयल ने कलश पूजन किया।

मुख्य संयोजक राघवेंद्र गर्ग, संयोजक अनमोल बंसल, दिनेश मंगल, बांके बिहारी सोनी, दिनेश सादाबाद, संरक्षक राजेन्द्र सर्राफ, कोषाध्यक्ष भगवानदास खंडेलवाल, सुनील अग्रवाल पेंट्स, विजय बीकानेर, राजेश बालोत्रा, कन्नू सर्राफ, हरीश गिलट, देवेश सरन सर्राफ, विनोद अग्रवाल कपड़े वाले, राजीव अग्रवाल, संजय जिंदल, महावीर अग्रवाल, राकेश गर्ग, तुषार हाथी वाले, अंकित बंसल, मनीष सर्राफ, कपिल अग्रवाल और अरविंद बिसावर ने अभिषेक किया।

## कल सजेंगे 56 व्यंजन

**यूनिक समय, मथुरा।** शुक्रवार को छप्पन भोग में 21 हजार किलो शुद्ध घी से बने 56 व्यंजन सजेंगे। गिरिराज महाराज चांदी के कमल और शेषनाग के फन पर विराजेंगे। पंडित शरद मुखिया राजाधिराज स्वरूप में श्रृंगार करेंगे, जिसमें हीरे-मोती समेत नवरत्न आभूषण और हीरा जड़ित बांसुरी शामिल होगी। स्थान-स्थान पर शास्त्रीय संगीत की स्वर लहरियां गूंजेंगी। मुरारी अग्रवाल ने भक्तों से दुर्लभ दर्शन के लिए पहुंचने का आह्वान किया।

# सेवा कार्यों के लिए सेवाभावियों को समाज रत्न सम्मान


जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा के सेवा सप्ताह समापन पर मौजूद पदाधिकारी।

## महान दिवस पर सेवा सप्ताह का समापन, उत्कृष्ट कार्यों की सराहना

## नमृता, राहुल, विपुल, अमित और सतीश हुए सम्मानित

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा के सेवा सप्ताह का समापन स्थानीय होटल में महान दिवस कार्यक्रम के साथ हुआ। अध्यक्ष प्रदीप फौजदार की घोषणा पर मुख्य अतिथि सीओ सिटी आशना चौधरी और विशिष्ट अतिथि डॉ. वर्षा तिवारी ने गणेश जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।

मंच पर यूनिट डायरेक्टर जुगलकिशोर अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पीयूष जैन और हेमंत अग्रवाल मौजूद रहे। सीमा गुप्ता ने जायंट्स प्रार्थना प्रस्तुत की। राधिका अग्रवाल और रचना अरोड़ा ने अतिथियों का परिचय कराया। प्रदीप फौजदार ने सेवा सप्ताह की गतिविधियों की जानकारी दी। सारिका-महेश मित्तल, रश्मि-दिनेश अग्रवाल, अनुपम-हेमंत अग्रवाल, नीलम-सौरव अग्रवाल, वंदना-कपिल अग्रवाल, सुशील-सुभाष चौधरी, डॉ. अनीता-डॉ. अशोक सिकरवार, डॉ. शेफाली-डॉ. ललित वार्ष्णेय, अतुल अग्रवाल, रवि गर्ग और गिरीश अग्रवाल के सेवा कार्यों को स्मृति चिन्ह देकर सराहा गया। बृजकला चौपाल की संस्थापिका नमृता सिंह, अन्नपूर्णा फाउंडेशन के राहुल अग्रवाल, वेदप्रकाश अग्रवाल, स्वच्छ मथुरा के विपुल गोयल, अमित अग्रवाल सीए और सतीश शर्मा को 'समाज रत्न' से सम्मानित किया गया। मिताली फौजदार ने परिचय दिया। आशना चौधरी और डॉ. लता अग्रवाल ने शाल-स्मृति चिन्ह प्रदान किए। डॉ. डी.डी. गर्ग, पवन अग्रवाल और चरनदयाल अग्रवाल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिए। संचालन मनमोहन गुप्ता ने किया। मनीष अरोड़ा ने आभार जताया। डॉ. बृजेंद्र तिवारी, अंशुल अग्रवाल, जितेंद्र मित्तल, जुगनू अग्रवाल, अशोक मित्तल और प्रवीन मित्तल मौजूद रहे।

# राधा उत्सव में भक्ति और सखियों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

## जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा ने ग्रेट डे पर सजाया राधामय माहौल

## गीत, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सखियों ने बांधा समां


जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा के ग्रेट डे के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा ने गुरुवार को ग्रेट डे का आयोजन 'राधा उत्सव' के रूप में किया। राधा-कृष्ण वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में भक्ति, गीत, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को राधामय बना दिया।

मुख्य अतिथि जायंट्स एस.पी. चतुर्वेदी, डिप्टी वर्ल्ड चेयरमैन जायंट्स इंटरनेशनल, विशिष्ट अतिथि जायंट्स मुकेश अग्रवाल और जायंट्स राजेश बजाज, सेंट्रल कमेटी मेंबर जायंट्स इंटरनेशनल और विशेष अतिथि अनुराग अग्रवाल, प्रेसिडेंट जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा मेन रहे। प्रेसिडेंट मीरा अग्रवाल, सेक्रेटरी मीनल बंसल और कोषाध्यक्ष बबीता गर्ग मंच पर मौजूद रहीं।

संचालन नीना अग्रवाल और नम्रता सिंह ने किया। तैयारियों में मीनू भाटिया, प्रियंका खंडेलवाल, अनिता बंसल, अनीता अग्रवाल, रुचि गुप्ता, श्वेता बंसल, भारती अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, शशि अग्रवाल और ममता बिंदल का सहयोग रहा। रीना अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, अल्पना गोयल, अंजना गुप्ता, मोना अग्रवाल, रश्मि यादव, निशा बिंदल और राधा भारद्वाज सहित सखियों ने सहभागिता की। नन्हीं जानवी भारद्वाज की राधा रानी स्तुति और रिया अग्रवाल की प्रस्तुति को सराहना मिली। रश्मि अग्रवाल, नीलम मंगल ने भी प्रस्तुति दी। जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा मेन से डॉ. विकास दुबे, रितेश अग्रवाल, आशा अग्रवाल, निधि अग्रवाल और ऋचा बजाज शामिल हुए। मीरा अग्रवाल, मीनल बंसल और बबीता गर्ग ने सभी का आभार जताया।

# खाद दुकान बंद होने से किसान परेशान खुलवाने की मांग

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन तहसील के कारब गांव के किसानों ने जय दुर्गे खाद भंडार की दुकान बंद होने से खाद की उपलब्धता प्रभावित होने की शिकायत करते हुए इसे किसान हित में खुलवाने की मांग की है। किसानों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दुकान मालिक मुकेश कुमार के खिलाफ गलत कार्रवाई की गई थी। दुकानदार ने स्पष्टीकरण भी दिया है। किसानों का कहना है कि दुकान की जांच में कोई गंभीर अनियमितता नहीं मिली, इसके बावजूद दुकान बंद है। वर्तमान में सरसों समेत अन्य फसलों की बुवाई का समय चल रहा है। खाद नहीं मिलने से किसान समय पर बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि उधार खाद मांगने और बिना पहचान पत्र के खाद लेने का दबाव बनाने वाले लोगों की शिकायतों के कारण दुकानदार परेशान है। किसानों ने जनहित में दुकान खुलवाकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत खाद वितरण कराने की मांग की।

# अग्र महोत्सव में संस्कृति साहित्य और संगीत का संगम

## तीन दिन काव्य संध्या संस्कृति प्रस्तुतियों के साथ सुर संध्या

## पलक मुच्छल की प्रस्तुति और लेजर शो रहेगा मुख्य आकर्षण


अंकित बंसल।


किशोर मित्तल।

**यूनिक समय, मथुरा।** महाराजा अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल सभा, मथुरा इस बार महोत्सव को नए स्वरूप में प्रस्तुत करने जा रही है। तीन दिवसीय आयोजन का नाम 'अग्र महोत्सव-2026' रखा गया है। इसमें साहित्य, संस्कृति, सामाजिक सरोकार और मनोरंजन के साथ आधुनिक तकनीक का भी समावेश होगा।

मुख्य मेला संयोजक अंकित बंसल (बंसल फूड्स) और मुख्य जयंती संयोजक किशोर मित्तल के नेतृत्व में तैयारियां चल रही हैं। पहले दिन देश के प्रमुख कवियों की काव्य संध्या होगी। दूसरे दिन भारतीय संस्कृति और अग्रवाल समाज की परंपराओं को नई पीढ़ी के अंदाज में संगीत, नृत्य और मंचीय प्रस्तुतियों के जरिए दिखाया जाएगा। तीसरे दिन बॉलीवुड गायिका पलक मुच्छल की 'सुर संध्या' आकर्षण का केंद्र रहेगी। पहली बार महाराजा अग्रसेन की गौरवगाथा और समाज की विरासत पर आधारित लेजर शो भी होगा।

महोत्सव में 'हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' संदेश के साथ स्वच्छ ब्रज अभियान को भी प्रमुखता दी जाएगी। अंकित बंसल ने कहा कि आयोजन परंपरा और आधुनिकता के संगम के साथ युवाओं को विरासत से जोड़ने का प्रयास है। किशोर मित्तल ने समाज के लोगों से परिवार सहित सहभागिता की अपील की।

# सेवाभावी जायंट्स सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित


जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

## सेवा कार्यों में योगदान देने वालों का बढ़ाया उत्साह, स्थापना दिवस पर केक काटा

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट ने स्थानीय होटल में अध्यक्ष दिनेशचंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में ग्रेट डे मनाया। मुख्य अतिथि जायंट्स वैलफेयर फाउंडेशन के विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी, केंद्रीय समिति सदस्य मुकेश अग्रवाल, राजेश बजाज, फेडेरेशन-5 उपाध्यक्ष मोहनबाबू आर्य ने गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने जायंट्स के सेवा कार्यों की सराहना की।

प्रशासनिक निदेशक संजीव जैन ने सप्ताहभर के सेवा कार्यों की जानकारी दी। संयोजक जगदीश चावला, महेशचंद्र कसेरे, पुनीत बत्रा, अनिल शर्मा एड., नीरज गर्ग, शकुल मित्तल और भूपेंद्र अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पूजा-पंकज शर्मा, निधि-जगदीश तोमर, गुंजन-नवीन अग्रवाल, सुमनलता शर्मा, नीता मित्तल, सोनिका अग्रवाल, संगीता सिंघल, दिनेश गर्ग, नितिन वार्ष्णेय, रवि अरोड़ा, अमन शर्मा और जितेंद्र सिंह के योगदान की भी सराहना हुई।

ग्रेट डे संयोजक हर्ष अग्रवाल, बृजेश सिंघल, राजेश मित्तल और मनोज शर्मा का उपहार देकर उत्साहवर्धन किया गया। संगठन के स्थापना दिवस की खुशी में केक काटा गया। भावना अरोड़ा ने हाउजी और अर्चना अग्रवाल ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई। विजेता रेनू चावला, अंतिमा अग्रवाल, लता अरोड़ा, किरन चुग, मंजू सिंह और अमीता भटनागर पुरस्कृत हुए।

कमल अरोड़ा, पंकज शर्मा, धर्मेंद्र चुग और संजय जॉली ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिए। संचालन राजेश मित्तल ने किया। कार्यक्रम में अर्चना-पुनीत गर्ग, शैली-आशू भाटिया, शिखा-प्रवीन भल्ला, अमित अग्रवाल सीए, राजकुमार अरोड़ा, पंकज मित्तल, संजय भटनागर और रश्मि शोरावाला आदि मौजूद रहे।

# यमुना में कूदे युवक की तलाश जारी

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना सदरबाजार क्षेत्र स्थित में नए पुल से यमुना में कूदे युवक का शव की तलाश एसडीआरएफ और पुलिस कर रही है। शव का पता नहीं लग सका है। गौरतलब है कि कल सांय प्रतापनगर कॉलोनी निवासी अखिल सारस्वत बाइक से नए पुल पर आया। बताया गया कि वह बाइक को खड़ा करने के बाद कुछ देर पुल के आस-पास टहलता रहा। इसके बाद वह पुल की रैलिंग के पास पहुंचा तो सड़क से गुजरते लोगों ने उसे समझाया, लेकिन वह इसके बाद यमुना में पुल से कूद गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यमुना के पानी में वह कुछ देर किनारे पहुंचने के लिए हाथ-पैर चलाता रहा, लेकिन कुछ देर बाद वह पानी में डूब गया। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। पुलिस और एसडीआरएफ टीम द्वारा यमुना में डूबे युवक की तलाश की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नहीं हो सका था।